# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 172 | गौतमबुद्धनगर, मंगलवार 21 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3
गंगाजल दूर करेगा पानी की किल्लत



P- 4
यूपी के 48 शहरों में हीटवेव अलर्ट, आज बारिश की संभावना



P- 5
कनाडा में शवों को नहीं ले रहे लोग, दफनाने में हो रहे हजारों डॉलर खच




P- 6
मलेशिया मास्टर्स में खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी पीवी सिंधु




## हैप्पी मॉर्निंग


आज तो चमत्कार हो गया मोनू
गोलू- क्या हुआ?
मोलू- खीर का कटोरा मुंह से लगाया तो दूध पेट में और चावल कटोरी में ही रह गए।
गोलू- ऐसा हुआ कैसे?
मोलू- जल्दी-जल्दी में मैं मास्क उतारना ही भूल गया!



## शायरी

राजनीति भी
रंग-रंगीली हैं,
कुछ ने तो बाप की
ज़ागीर समझ ली हैं

## अर्थसार



सेंसेक्स:
74,005.94
+342.22 (0.46%)
निफ्टी:
22,502.00
+98.15

## मौसम



अधिकतम : 44 डिग्री से0
न्यूनतम : 31 डिग्री से
सूयोदय बुधवार : 5 : 28
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 10

# अहमदाबाद एयरपोर्ट से आईएसआईएस के 4 आतंकवादियों को किया अरेस्ट



अहमदाबाद। गुजरात पुलिस के एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने सोमवार को अहमदाबाद एयरपोर्ट से आईएसआईएस के 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस से मिली जानकारी के मुताबिक, इन चारों लोगों को केंद्रीय एजेंसी से मिले इनपुट के आधार पर अरेस्ट किया गया है। चारों मूल रूप से श्रीलंका के रहने वाले हैं। चारों किस मकसद से अहमदाबाद आए थे और किन-किन लोगों के संपर्क में थे। एटीएस इसकी जांच में जुटी है। 6 मई 2024 को अहमदाबाद के 36 स्कूलों को बम से उड़ाने के ई-मेल मिले थे। हालांकि जांच में किसी भी स्कूल से कोई आपत्तिजनक चीज नहीं मिली थी। इस मामले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने दावा किया है कि धमकी भरे ई-मेल पाकिस्तान से भेजे गए थे। गुजरात एटीएस ने पिछले साल पोरबंदर से श्रीनगर के चार युवकों और सूरत की एक महिला को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक विदेशी नागरिक था। इन चारों के अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन आईएसआईएस (के) से लिंक थे। ये पिछले एक साल से एक-दूसरे के संपर्क में थे और आईएसआईएस में शामिल होने के लिए देश से भागने की योजना बना रहे।

# लोकसभा चुनाव : 5वें चरण में 57.47 प्रतिशत मतदान

## सबसे अधिक मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ



**एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान हुआ। इस दौरान औसतन 57.47 प्रतिशत वोटिंग हुई। सभी सीटों के लिए मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चलेगा।

चुनाव आयोग ने बताया कि ओडिशा विधान सभा के दूसरे चरण के मतदान में बाकी 35 सीटों पर शाम 5 बजे तक 60.54 प्रतिशत वोट डाले गए थे। इस चरण में सबसे अधिक मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ है, जहां शाम पांच बजे तक सर्वाधिक 73.00 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। महाराष्ट्र में सबसे कम 48.66 प्रतिशत मत पड़े थे। आयोग के सूत्रों के अनुसार, मतदान कुल मिलाकर शांति पूर्ण चल रहा है।

### यूपी में पांच बजे तक 55.80 फीसद मतदान

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शाम पांच बजे तक औसतन 55.80 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। चुनाव के इस अहम चरण में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की किस्मत का फैसला होगा। राज्य निर्वाचन आयोग से शाम पांच बजे तक मोहनलालगंज (सु) सीट के लिये 60.10 प्रतिशत, लखनऊ में 49.88 प्रतिशत, रायबरेली में 56.26 प्रतिशत, अमेठी में 52.68 प्रतिशत, जालौन (सु) में 53.73 प्रतिशत, झांसी में 61.18 प्रतिशत, कैसरगंज में 53.92 प्रतिशत और गोंडा में 50.21 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था।

### बिहार में 5 लोकसभा सीटों पर करीब 56 प्रतिशत वोटिंग

बिहार में 5वें चरण के लोकसभा चुनावमें सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में शाम 6 बजे मतदान संपन्न हो गया। इस दौरान लगभग 56 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवासन ने सोमवार को बताया कि शाम 6 बजे तक इन पांच लोकसभा क्षेत्रों में 55.85 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया है, जो वर्ष 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव से 1.22 प्रतिशत कम है। पिछले लोकसभा चुनाव में इन्हीं संसदीय क्षेत्र में 57.07 प्रतिशत मतदान हुआ था। कुछ बूथों पर मतदान समाप्ति के पहले बड़ी संख्या में मतदाता कतार में लगे हुए थे, उन्हें वोट करने की इजाजत है।

### बंगाल में 5 बजे तक 73 प्रतिशत मतदान

आम चुनाव के 5वें चरण पश्चिम बंगाल की 7 लोकसभा सीट पर सोमवार को 5 बजे तक 73 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरामबाग संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 76.90 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसके बाद बनगांव में 75.73 प्रतिशत, उलुबेरिया में 74.50 प्रतिशत, हुगली में 74.14 प्रतिशत, श्रीरामपुर में 71.18 प्रतिशत, हावड़ा और बैरकपुर लोकसभा क्षेत्रों में 68.84-68.84 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि साढ़े चार तक पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन कार्यालय को चुनाव संबंधी 1,913 शिकायतें प्राप्त हुईं।

# छत्तीसगढ़ में पिकअप पलटा, 19 की मौत

## सभी आदिवासी, इनमें मां-बेटी सहित 18 महिलाएं; कवर्धा में 20 फीट गहरे गड्ढे में गिरी थी गाड़ी

**एजेंसी**



कवर्धा। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सोमवार (20 मई) को तेज रफ्तार पिकअप पलटकर 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया।

हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, 8 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें 4 को हायर सेंटर रेफर किया गया है। सभी आदिवासी समाज से हैं। हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास हुआ है।

एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि मरने वालों में 16 महिलाएं शामिल हैं। इनमें मां-बेटी सहित 3 बच्चियां भी हैं।

घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। हादसे के दौरान पिकअप में 25 लोग सवार थे। सभी लोग तेंदूपत्ता तोड़कर गांव लौट रहे थे। हादसा इतना जबरदस्त था कि 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के दावों से उलट ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के समय पिकअप में 30 से 35 लोग सवार थे। ब्रेक फेल होने से हादसे की आशंका है।

बताया जा रहा वाहन में सवार सभी लोग सेमहारा गांव से पिकअप में सवार होकर निकले थे।

इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे गांव लौट रहे थे। इससे पहले रविवार रात भी कोतवाली क्षेत्र के सिंघनपुरी गांव के पास एक ही ट्रक से पुलिस की तीन गाड़ियां हादसे का शिकार हुई थीं। इसमें एक आरक्षक की मौके पर मौत हो गई, वहीं चालक समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

### मृतकों के नाम...

मिला बाई (48) पति बंजारी
टीकू बाई (40) पति गुलाब सिंह
सिरदारी (45) पुत्र सिलाब गोंड
जनिया बाई (35) पति जनऊ गोंड
मुंगिया बाई (60) पति बजरू मरावी
झंगलो बाई (62) पति धनीराम
सिया बाई (50) पति तिरीत गोंड
किरण (15) पिता शिवनाथ
पटोरिन बाई (35) पति दयाराम गोंड
धनैया बाई (48) पति सिरदारी गोंड
शांति बाई (35) पति शिवनाथ
प्यारी बाई (40) पति फूलचंद
सोनम बाई (16) पिता फूलचंद
विस्मत बाई (45)
लीला बाई (35) पति मानसिंह
परसदिया बाई (30) पति रामचंद्र
भारती (13) पिता मानसिंह
सुन्ती बाई (45) पति मदन सिंह

### हादसे पर सीएम सहित अन्य नेताओं ने जताया दुख

हादसे को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, प्रारंभिक तौर पर जानकारी आ रही है कि गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके कारण वह अनियंत्रित हो गई। विस्तृत जानकारी कुछ समय बाद पता चलेगी। उन्होंने कहा कि, प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच रही है और जांच के बाद ही हादसे के कारण का पता चलेगा। प्रशासन घायलों को हर संभव मदद कर रहा है।

### डिप्टी सीएम शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे

हादसे को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर जानकारी आ रही है कि गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके कारण वह अनियंत्रित हो गई।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच रही है और जांच के बाद ही हादसे के कारण का पता चलेगा। प्रशासन घायलों की हर संभव मदद कर रहा है।

वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा पंडरिया जिला अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने घायलों का हाल चाल जाना साथ ही मृतकों के परिजन से भी मिले। विजय शर्मा ने पोस्टमॉर्टम समेत बाकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# बेगूसराय में नदी में डूबने से 5 युवकों की मौत

## मुंडन के बाद नहाने गया था युवक, गहराई में गया, बचाने के दौरान 4 और डूबे



बेगूसराय। बेगूसराय के सिमरिया गंगा घाट पर मुंडन संस्कार के बाद नहाने के दौरान 5 युवकों की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय मछुआरों ने पांचों युवकों के शव नदी से निकाले। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

बरौनी निवासी राजू साह के बेटे का आज सिमरिया में मुंडन संस्कार था?। इसी मुंडन में शामिल होने के लिए उसके परिवार के लोग सिमरिया गए थे। मुंडन के बाद गंगा स्नान करने के दौरान पांच युवक स्नान करते-करते काफी गहरे पानी में चले गए, जिससे पांचों की डूबने से मौत हो गई।

मृतकों में बरौनी निवासी सोनू साह के दो बेटे रोहित कुमार और उसका भाई बाबू साहेब, चंदन राम का बेटा कर्तव्य कुमार, प्रकाश मिश्रा का बेटा ओम मिश्रा और अधिक साह का बेटा अजय कुमार शामिल हैं। बताया जा रहा है कि एक युवक डूबने लगा तो उसे बचने के लिए चार युवक और पानी में गए और सभी डूब गए।

### एसडीआरएफ की तैनाती, फिर भी गोताखोर नहीं

वहीं घटना की सूचना मिलते ही चकिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची है। सभी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया है। एक साथ पांच युवकों की मौत से गांव में कोहराम मच गया है।

मृतक रोहित के भाई ने बताया कि मुंडन के बाद सभी लोग स्नान कर रहे थे।

वह भी किनारे में स्नान कर रहा था, इसी दौरान उसके दोनों भाई समेत पांच युवक स्नान करते-करते सिमरिया घाट के अंदर चले गए और सभी डूब गए। सिमरिया में स्थाई रूप से स्छत्रत्न की तैनाती की गई है, लेकिन घटना के वक्त एक भी गोताखोर नहीं थे।

### इन लोगों की हुई मौत

रोहित कुमार (21), बाबू साहेब (17), कर्तव्य कुमार (20), ओम मिश्रा (17) और अजय कुमार (18)

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जवान घायल

गरियाबंद । छत्तीसगढ़ के गरियाबंद सीमा से लगे ओडिशा के कोमना थाना क्षेत्र के सुनाबेड़ा के अभ्यारण्य में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ जिसमें एक जवान गंभीर रुप से घायल हो गया। इस मुठभेड़ में क्रॉस फायरिंग में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) जवान के गर्दन में गोली लगी है जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद आनन फानन में जवान को गरियाबंद जिला अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जवान को रायपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, गरियाबंद जिले के कांवर भौदी से लगे ओडिशा के कोमना थाना क्षेत्र के सुनाबेड़ा अभ्यारण्य के शिवनारायणपुर गांव में रविवार रात जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इस दौरान नक्सलियों के क्रॉस फायरिंग से एक जवान के गले में गोली लगी है जो अभी भी फंसी हुई हैं।

# गैंगरेप कर बच्ची को जिंदा जलाने वालों को फांसी

## राजस्थान में पास्को कोर्ट का फैसला; दो भाइयों ने 4 घंटे तक की थी हैवानियत



शाहपुरा (भीलवाड़ा)। राजस्थान में शाहपुरा जिले के कोटड़ी में 14 साल की बच्ची से गैंगरेप कर जिंदा जलाने वालों को फांसी की सजा सुनाई गई है।

इस बहुचर्चित मामले में सोमवार को भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट-2 ने फैसला सुनाया, जिसमें दोनों दोषियों कालू और कान्हा को मौत की सजा दी है। जज ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ द रेयर माना।

इससे पहले शनिवार 18 मई को भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट ने कालू और कान्हा को दोषी करार दिया था, जबकि सात आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने फैसला सोमवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था।

आज सुनवाई के दौरान कोर्ट में पीड़ित के माता-पिता भी मौजूद थे। फैसला सुनकर पीड़ित की मां ने कहा कि आज हमें न्याय मिल गया। जिन सात आरोपियों को बरी किया है, उनमें दोनों दोषियों की पत्नी, मां, बहन और अन्य शामिल हैं। सरकारी वकील महावीर किसनावत ने बताया- नाबालिग लड़की को पिछले साल अगस्त में गैंगरेप के बाद कोयले की भट्ठी में जिंदा जला दिया गया था। पुलिस ने एक महीने के अंदर 473 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए थे। कोर्ट ने भी इस हत्याकांड को जघन्य अपराध माना।

महावीर किसनावत ने बताया- दोनों दोषियों के लिए लगातार फांसी की मांग की जा रही थी। आरोपी कालू ने दो बार रेप किया था। मारपीट करने के बाद मरा हुआ समझकर भट्ठी में डाल दिया था।

### पहले गैंगरेप, फिर भट्ठी में जला दिया

मामला 2 अगस्त 2023 की है। शाहपुरा के कोटड़ी थाना इलाके के एक गांव में 14 साल की नाबालिग सुबह करीब 8-9 बजे मवेशी चराने निकली थी। दोनों भाई कालू और कान्हा उसका मुंह दबाकर भट्ठी के पीछे ले गए और 4 घंटे तक गैंगरेप किया। दोनों भाई की पत्नी, मां, बहन और एक नाबालिग को गैंगरेप का पता चल गया। सभी ने चर्चा की कि मामला खुला तो फंस जाएंगे। फिर उसे भट्ठी में जला दिया गया।

# 'कोवैक्सिन' पर अध्ययन का आईसीएमआर ने किया खंडन

नयी दिल्ली। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने भारतीय कोविड वैक्सीन कोवैक्सिन पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के एक अध्ययन का खंडन करते हुए इस पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कोवैक्सिन वैक्सीन पर अध्ययन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थानों और प्रकाशित करने वाली न्यूजीलैंड की पत्रिका को अलग-अलग पत्र भेजा है और इस अध्ययन से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि इस अध्ययन की प्रक्रिया अवैज्ञानिक है और यह पूर्वाग्रह से ग्रसित है। अध्ययन में निर्धारित प्रक्रियाओं को पालन नहीं किया गया है तथा यह एक छोटे से समूह पर आधारित है। ये पत्र 18 मई को लिखे गये और इनकी प्रतियां सोमवार को यहां उपलब्ध करायी गयी। बहल ने दोनों पत्रों में अध्ययन से आईसीएमआर का नाम अलग करने तथा ऐसा नहीं होने पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

**रिश्वत** | भोपाल में घर से मिले सोने के बिस्किट; आरोपी पर नर्सिंग घोटाले की जांच का जिम्मा

# भोपाल में सीबीआई इंस्पेक्टर 10 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**एजेंसी**



भोपाल। भोपाल में सीबीआई के एक इंस्पेक्टर को सीबीआई ने ही 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि घूस लेते पकड़ाए इंस्पेक्टर राहुल राज पर मध्यप्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच की जिम्मेदारी है।

रविवार को सीबीआई की एक टीम ने भोपाल में आरोपी इंस्पेक्टर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित घर पर छापा मारा और उन्हें रिश्वत लेते पकड़ा। राहुल राज के घर से तलाशी में 7 लाख 88 हजार रुपए नकद और 100-100 ग्राम के सोने के बिस्किट भी मिले हैं।

### रिश्वत देने वाले भी सीबीआई के हत्थे चढ़े

सीबीआई निरीक्षक राहुल राज को रिश्वत देने वाले भोपाल के मलय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन अनिल भास्करन, प्रिंसिपल सूना अनिल भास्करन और एक मीडिएटर सचिन जैन को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। राहुल राज सही सुइटबिलिटी रिपोर्ट देने के नाम पर रिश्वत ले रहे थे।

गिरफ्तारी के बाद चारों आरोपियों को भोपाल में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार शर्मा की कोर्ट में पेश किया गया।

जहां कोर्ट ने सभी आरोपियों को 29 मई तक पीआर पर भेज दिया है। सीबीआई ने भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7, 7ए, 8, 9, 10 और 12 के तहत मामला दर्ज किया है।

### इंदौर, रतलाम में 9 लोगों को गिरफ्तार किया

सीबीआई ने रविवार को इंदौर और रतलाम में भी कार्रवाई की। जहां से 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन्हें जल्द कोर्ट में पेश किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार रतलाम में 2 दिन से सीबीआई ने डेरा डाल रखा था। पुलिस को भी नहीं मालूम कि टीम कहां जांच कर रही थी।

स्थानीय पुलिस फोर्स को साथ तो लिया था, लेकिन उन्हें भी कार्रवाई से दूर रखा गया।

सीबीआई रविवार को रतलाम से एक महिला को गिरफ्तार कर अपने साथ लेकर गई है।

बता दें कि हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई का एक जांच दल नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच कर रहा है। सीबीआई के जांच दल में एमपी नर्सिंग काउंसिल के अधिकारी, सीबीआई के अफसर और पटवारी शामिल हैं।

# गंगाजल दूर करेगा पानी की किल्लत

## गंगनहर की सफाई के दौरान बंद रहता है गंगाजल, सितंबर से 175 एमएलडी रेनीवेल से होगी सप्लाई

नोएडा। हर साल गंग नहर की सफाई के दौरान लोगों को पानी के लो प्रेशर की समस्या होती थी। इस बार ऐसा नहीं होगा। जून महीने में पांच रेनीवेल का काम पूरा हो जाएगा। इससे करीब 75 एमएलडी पानी की सप्लाई होने लगेगी। इससे लोगों को पूरी सप्लाई प्रेशर के साथ मिलेगी।

सितंबर 2024 तक नोएडा प्रदेश का पहला ऐसा शहर होगा जहां भूमिगत पानी का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यहां सभी बोरवेल को बंद कर दिया जाएगा। पानी की सप्लाई रेनीवेल और गंगाजल से की जाएगी।

नोएडा में 1980 से 2012 के बीच बने छह रेनीवेल जो बंद हो चुके थे उनको शुरू किया जा रहा है। इसमें गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की सलाहकार कंपनी के जरिए इन रेनीवेल को शुरू कराया जा रहा है। जिसमें रेनीवेल संख्या 4 और 6 पर काम हो गया है।

जीएम आर पी सिंह ने बताया कि वर्तमान में चार रेनीवेल पर काम पूरा हो




गया है। इसमें रेनीवेल संख्या 1,2,3,5 है। इनको जून तक शुरू कर दिया जाएगा। सितंबर तक सभी 11 रेनीवेल काम करेंगे। एक रेनीवेल से 15 एमएलडी पानी की सप्लाई होती है। ये पानी यमुना के जरिए आता है।

इसका टीडीएस स्तर काफी कम यानी 300 के आसपास होता है। जबकि भूमिगत पानी जिसे बोरवेल के जरिए निकाला जाता है उसका टीडीएस करीब 1200 होता है।

इसलिए उसमें गंगाजल मिलाकर सप्लाई किया जाता है। ऐसे में हमे सितंबर तक करीब 175 एमएलडी पानी लो टीडीएस का मिलेगा। जिसे गंगाजल के साथ सप्लाई किया जाएगा। इस तरह से बोरवेल को बंद कर दिया जाएगा।

डीजीएम जल आरपी सिंह ने बताया- वर्तमान में नोएडा में 406 एमएलडी की सप्लाई की जा रही है। इसमें 155 एमएलडी गंगाजल मिलाया जा रहा है। कुछ रेनीवेल और भूमिगत पानी है। जब रेनीवेल से सप्लाई शुरू हो जाएगी। तो गंगाजल में रेनीवेल का पानी मिलाकर सप्लाई किया जाएगा। इसका टीडीएस कम होगा जो हमारे सेहत के लिए बेहतर होगा।

उन्होंने बताया- जल में तीन खंड है। ऐसे में 10 नेटवर्क में जून तक पानी सप्लाई दी जाएगी इसके बाद सितंबर तक बाकी बचे 5 नेटवर्क में सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। खास बात ये है दीपावली के दौरान गंग नहर को करीब एक महीने के बंद किया जाता है। इससे रिजर्व में रखे पानी से ही सप्लाई होती है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। रेनीवेल शुरू होने से पानी की सप्लाई पूरी रहेगी।

### नोएडा के सभी एसटीपी को बनाया जा रहा टर शरी ट्रिटमैंट प्लांट

नोएडा में छह एसटीपी प्लांट है। ये प्लांट सेक्टर-50, सेक्टर-54, सेक्टर-123, सेक्टर-168 है। दो एसटीपी प्लांट सेक्टर-123 और सेक्टर-168 में है। जिनकी क्षमता को बढ़ाया गया है। सेक्टर-168 एसटीपी में 100 एमएलडी क्षमता का टरशरी ट्रीटमेंट प्लांट है। जीएम ने बताया कि सभी ट्रिटमैंट को टर शरी में बदल दिया जाएगा। ये भी प्रदेश का पहला शहर को जिसमें सभी प्लांट टर शरी स्तर होंगे। वर्तमान में यहां से शोधित पानी का 80 एमएलडी पार्क, ग्रीन बेल्ट में सिंचाई के लिए किया जाता है। इसके अलावा कंस्ट्रक्शन कार्य में किया जाता है।

# नोएडा में लगे यूनिपोल और होर्डिंग का होगा स्ट्रक्चर ऑडिट

## मुंबई में हुए हादसे का लिया संज्ञान

एजेंसी

नोएडा। मुंबई के घाटकोपर में सड़क पर अवैध होर्डिंग गिरने से 16 लोगों की मौत गई थी। नोएडा में विज्ञापन के लिए बड़े स्तर पर होर्डिंग लगे है। यहां भी कई हादसे हो चुके है। इसलिए नोएडा प्राधिकरण एफओबी, यूनिपोल, विद्युत पोल, ग्रेंट्री का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने के निर्देश दिए है। इनकी एक रिपोर्ट जल्द से जल्द देने के लिए निर्देशित किया गया है। ताकि अचानक जलवायु परिवर्तन होने की वजह से इनके गिरने या हादसे से बचा जा सके।

नोएडा प्राधिकरण के आकडों के मुताबिक यहां बीओटी के आधार पर 6 यूनिपोल लगे है। इसके अलावा पिंक टॉयलेट पर 16, सार्वजनिक शौचालय पर 102 और एफओबी पर 31 विज्ञापन बोर्ड लगे है। ये टनों वजनी विज्ञापन के बोर्ड हैं। आंधी तूफान के कारण के गिरे नहीं इसलिए इन सभी का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने के लिए कहा गया है। यदि मजबूती मानकों के अनुसार नहीं मिलती तो कंपनी को इसे बदलने के लिए कहा जाएगा साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

### नोएडा में पहले भी हो चुके हादसे

2 मई 2022 सेक्टर-62 मॉडल टाउन अंडर पास के आगे गाजियाबाद जाने वाली सड़क पर यूनिपोल गिरा था।

13 मई 2018 बिसरख और किसान चौक के बीच होर्डिंग गिरने से पिता की मौत और बच्चा घायल हो गया था।

23 मई 2016 सेक्टर-18 में डीएलएफ के सामने भारी भरकम होर्डिंग पोल गिर गया था जिससे दो लोगों की मौत हो गई थी।

19 मई 2015 गौड़ सिटी गोल चक्कर के पास एक यूनिपोल गिरने से इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

# नोएडा के मकान में लगी आग पूरा सामान जलकर राख

एजेंसी

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-20 के ई ब्लाक के एक मकान में आग लग गई।

आग इतनी तेज थी मिनटों में ही पूरा मकान और उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची दमकल की तीन से चार गाड़ियों ने करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई फंसा नहीं। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग के कारणों को पता लगाया जा रहा है। आसपास के लोगों ने बताया कि आग गैस रिसाव की वजह से लगी थी। जिसके बाद तेज आवाज भी आई थी।

हालांकि गैस सिलेंडर फटने के संकेत नहीं मिले है। लेकिन आग काफी तेजी से फैली थी। आग को बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि ये मकान टीन शेड डालकर बनाया गया था। जिस समय आग लगी लोग बाहर आ गए थे।

सेक्टर वासियों ने इसकी सूचना दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को रवाना किया गया। आग से कोई हताहत नहीं है। ये टीन शेड का मकान सेक्टर-20 के गेट के पास बना था।

गेट में एंट्री एग्जिट नहीं थी। आग आगे न फैले, इसलिए बगल के मकान के लोगों को बाहर आने के लिए बोला गया। जिसके बाद दीवार को ठंडा करने के लिए उस पर भी पानी का छिड़काव किया गया।

# नोएडा में बिना एनओसी चल रहा था होटल

## प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर, पहली ग्राहक थी हादसे का शिकार युवती

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-104 स्थित मून लाइट होटल में शनिवार शाम को लगी आग की चपेट में आई फिजियोथेरेपिस्ट युवती की मौत के बाद जब अग्निशमन विभाग ने जांच की तो पता चला कि होटल की फायर एनओसी नहीं थी। वहीं हादसे के घायल हुए युवक की हालत में सुधार होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

जिस होटल में आग लगने के बाद हादसा हुआ वह बिहार के विमलेश झा का है। इसे उन्होंने शामली के आकाश शर्मा को लीज पर दे दिया है। अभी होटल का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके बावजूद इसकी बुकिंग शुरू कर दी गई। हादसे में जिस युवती ने जान गंवाई है, बताया जा रहा है कि वह होटल की पहली ग्राहक थी।



जहां हादसा हुआ युवती अपने साथी युवक तरुण के साथ एक ही कमरे में थी।

जांच में यह भी सामने आया है कि होटल में फायर फाइटिंग सिस्टम तो लगे थे पर वह काम नहीं कर रहे थे। आग बुझाने की तैयारी अधूरी ही थी।

आग होटल की चौथी मंजिल पर एसी की फ़िटिंग के दौरान शार्ट सर्किट से लगी। युवती पलक और युवक तरुण होटल के छठे मंजिल पर बने कमरे में उस समय मौजूद थे। धुआं शरीर के अंदर पहुंचने से युवक और युवती बेहोश हो गए थे। दोनों ने दोपहर एक बजकर 30 मिनट के आसपास होटल में एंट्री की थी। करीब तीन घंटे बाद हादसा हुआ।

होटल प्रबंधन का कहना है कि हादसे के बाद युवक और युवती जिस कमरे में रुके थे उस नंबर पर कई बार कॉल की गई। अलार्म भी बजाया गया।

### अभियान चलाकर सभी होटल की होगी जांच

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया- आज से सभी होटल में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

एनओसी के साथ ही अग्नि संबंधी उपकरणों की जांच की जाएगी। जिनकी एनओसी नहीं होगी या अग्निशमन उपकरण अपर्याप्त होंगे उनको नोटिस भेजने के साथ की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अभी आठ ऐसे होटल के बारे में जानकारी मिली है, जहां एनओसी और आग बुझाने के उपकरणों की कमी है। अगर उपकरण हैं भी तो वह ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।

# नोएडा में कार ने बाइक सवार छात्रों को मारी टक्कर

## लोगों ने सड़क जाम करके किया हंगामा, रोडरेज के बाद हत्या का आरोप

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में बाइक से स्कूल जा रहे छात्रों को स्विफ्ट डिजायर गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि यह हादसा नहीं रोडरेज का मामला है, जिसमें बार-बार टक्कर मारकर छात्र की हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आकस्मिक दुर्घटना का है, लेकिन परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

नोएडा के सेक्टर 167 में तीन छात्र शहीद भगत सिंह स्कूल जा रहे थे तभी एक कार ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें एक छात्र अमन की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और छात्रों ने गांव के मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन करना



शुरू कर दिया। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र भी शामिल हो गए। इसमें छात्र अमन के साथी भी शामिल रहे।

लोगों ने आरोप लगाया कि अमन अपनी बाइक से स्कूल जा रहा था तभी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी पर सवार कुछ लोगों ने उसे टक्कर मार दी और यह टक्कर कई बार मारी गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को वहां से हटाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी मिला

एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा का कहना है कि थाना एक्सप्रेस-वे के छपरौली गांव की यह घटना है। सूचना मिली थी कि बाइक पर सवार एक बच्चे की हादसे में मौत हुई है। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें बाइक सवार बच्चा और कार सवार दिखाई दे रहे हैं। प्रथम दृष्टया यह मामला आकस्मिक दुर्घटना का है, जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### गाड़ी मालिक को हिरासत में लिया गया

एडिशनल डीसीपी का कहना है कि परिजनों के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि है उसको कई बार टक्कर मारी गई है। प्रथम दृष्टया यह आरोप प्रमाणित नहीं हुआ है फिर भी परिजनों के लगाए गए आरोपों को लेकर हम गहनता से जांच कर रहे हैं। गाड़ी को जब्त कर और गाड़ी के मालिक को हिरासत में लिया गया है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# जेवर में असंतुलित होकर बाइक डिवाइडर से टकराई

जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार रात एक बाइक असन्तुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हाथ से बाइक पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उसकी मौत हो गई।

पुलिस में शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, हाथरस निवासी बंटी(30) रविवार की रात बाइक पर सवार होकर आगरा से नोएडा की तरफ जा रहे थे। जब वह यमुना एक्सप्रेसवे से होते हुए दनकौर क्षेत्र में स्थित स्पोर्ट्स सिटी के पास पहुंचे। उसी दौरान उनकी बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस भीषण हादसे में बंटी गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि मृतक दनकौर क्षेत्र में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार के यहां अपने गांव से आ रहे थे। पुलिस का कहना है कि जहां इलाज के दौरान रविवार की दोपहर बंटी की मौत हो गई।

इस घटना की जानकारी पुलिस ने मृतक के परिवार के लोगों को भी दी। सूचना के आधार पर मृतक के रिश्तेदार भी अस्पताल पहुंच गए। बताया जाता है कि मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। जिसकी मौत के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने 350 लोगो को भेजा नोटिस

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों पर प्राधिकरण ने कार्रवाई और तेज कर दी है। प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया के साथ ही डूब क्षेत्र में भी अवैध निर्माण करने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से करीब 350 लोगों को नोटिस जारी किया है, जिसमें अवैध निर्माण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में प्राधिकरण की अनुमति के बगैर निर्माण नहीं किया जा सकता है। इस बाबत प्राधिकरण की तरफ से लगातार जानकारी भी दी जाती है, लेकिन खुद के आशियाने के मोह में कुछ लोग कालोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई को फंसा ले रहे हैं। अवैध कॉलोनियों में जमीन खरीदकर घर बनाने की कोशिश करते हैं।

संज्ञान में आते ही प्राधिकरण इन अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई करता है।

### अभियान चलाकर तोड़ा जाएगा निर्माण

अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अभियान चलाकर निर्माण तोड़ने के निर्देश दिए हैं। ध्वस्तीकरण से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण करने वाले 350 लोगों को धारा 10 के अंतर्गत नोटिस जारी की है, जिसमें अवैध निर्माण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल एक व दो की तरफ से ये नोटिसें जारी की गई हैं।

इनमें हिंडन किनारे डूब क्षेत्र में हैबतपुर की जमीन पर लगभग 176 अवैध निर्माण करने वाले भी शामिल हैं। शेष नोटिसें सुनपुरा गांव की हैं। इससे पहले भी कई गांवों में अवैध निर्माण करने पर प्राधिकरण की तरफ से नोटिस जारी कर कार्रवाई की गई है।

# सिंचाई व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए 260 सोलर पंप लगेंगे

ग्रेटर नोएडा। सिंचाई की लागत को कम करने के लिए जनपद में 260 सोलर पंप लगाए जाने है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन आवेदन किए जाने है। लक्ष्य पूरे होने तक आवेदन लिए जाएंगे। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के तहत राष्ट्रीय स्तर पर कार्बन की तीव्रता कम करने, सोलर पंप की स्थापना से सिंचाई लागत को कम करने एवं विद्युत रहित क्षेत्र में उपलब्ध डीजल पंप अथवा सिंचाई के अन्य साधनों के स्थान पर सोलर पंप से सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए सोलर पंप पर अनुदान की व्यवस्था की है, जिससे कृषकों की सिंचाई व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। उन्होंने बताया कि सोलर पंप वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के रूप में कृषकों के लिए उपयोगी है। जनपद में 2 एचपी और 3 एचपी के 55 सोलर पंप, 5 एचपी के 80 सोलर पंप, 7.5 एचपी के 90 सोलर पंप, 10 एचपी के 35 सोलर पंप समेत 260 सोलर पंप लगाए जाने है। जनपद में दोहित और अति दोहित क्षेत्र को छोड़कर ही योजना का लाभ किसानों को मिलेगा।

# पारा 45.9 डिग्री के पार, गौतमबुद्ध नगर के स्कूलों में हुआ गर्मियों की छुट्टी का एलान

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर में आसमान से आग बरस रही है। दिन के समय लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रही है। नोएडा में 45.9 डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंचते ही 21 तक रेड अलर्ट जारी कर दिया है और वहीं गौतमबुद्ध नगर में बेसिक शिक्षा विभाग ने आठवीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है।

### नोएडा के स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी की घोषणा

लू और गर्मी के कारण नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को 20 मई 2024 से अग्रिम आदेशों तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया। बेसिक शिक्षा विभाग ने आज (20 मई) से नर्सरी से लेकर 8वीं तक के सभी स्कूलों को बंद रखाने का आदेश दिया है।

### रविवार के दिन पांच साल में सबसे ज्यादा गर्म रहा नोएडा

छुट्टी का दिन होने के बाद भी




नोएडा के लोग रविवार का आनंद नहीं उठा सके। तेज धूप और दिन में चली लू की वजह से लोग घरों में कैद रहे। बीते 24 घंटे में शहर का अधिकतम 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो पांच वर्ष में 19 मई को दर्ज हुआ अधिकतम तापमान है। मौसम विभाग ने पहले रविवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया था। अब विभाग ने 21 मई तक तापमान का रेड अलर्ट घोषित कर दिया है।

इससे पहले रविवार सुबह से ही तापमान बढ़ना शुरू हो गया। करीब 11 बजे तक ही पारा 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। दिन के समय आंशिक रूप से बादल छाने के बावजूद गर्मी से राहत नहीं मिली। दोपहर बाद करीब तीन बजे तापमान 45 डिग्री पार कर गया। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिली। रविवार को न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक रेड अलर्ट के दो दिन बाद यानी 23 मई तक दिन में लू चलेगी। ऐसे में शहर का पारा और चढ़ सकता है। 24 मई के बाद राजस्थान की तरफ से चल रही शुष्क हवाएं कमजोर हो जाएंगी। इसके बाद गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

### छह दिन में करीब पांच डिग्री चढ़ा पारा

मौसम विभाग ने 21 मई तक के लिए रेड अलर्ट जारी कर हीटवेव से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील की गई है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक पिछले छह दिनों में तापमान करीब पांच डिग्री तक बढ़ चुका है। अहम है कि 14 मई को नोएडा का अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

## शार्ट न्यूज

### नोएडा के नाले में मिला व्यक्ति का शव

नोएडा। मोदी मॉल से करीब 300 मीटर आगे 21/25 चौराहे की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे स्थित नाले में सोमवार को एक व्यक्ति का शव मिला। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। शव पांच से सात दिन पुराना बताया जा रहा है। शव घटनास्थल पर कैसे पहुंचा पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार दोपहर एक युवक जब मोदी मॉल के आगे वाली सड़क पर जा रहा था तभी उसे तेज दुर्गंध आने लगी। करीब जाकर उसने देखा तो उसे एक शव क्षत-विक्षत हालत में दिखाई दिया। युवक ने इसकी सूचना सेक्टर-24 पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक जिस व्यक्ति का शव मिला है उसकी आयु 40 साल के करीब आंकी गई है। शव कई दिन पुराना है। शरीर में कीड़े पड़े हुए हैं और इससे तेज दुर्गंध भी आ रही है। पुलिस शव की शिनाख्त के लिए घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों से जानकारी जुटा रही है। सोशल मीडिया का भी सहारा शव की पहचान के लिए लिया जा रहा है। जिले के सभी थानों से हाल में दर्ज हुई गुमशुदगी की जानकारी मांगी गई है। स्थानीय लोग हत्या की आंशका जता रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच को आगे बढ़ा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### गाजियाबाद में बदमाश के साथ मुठभेड़

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में हत्या का प्रयास करने वाले बदमाश के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ उस समय हुई जब आरोपी पुलिस को हथियार बरामद करवाने के लिए ले जा रहा था। बदमाश की चली गोली से एक सब इंस्पेक्टर भी घायल हुआ है। आरोपी ने अपने नाबालिग साथी के साथ एक युवक पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। गाजियाबाद में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया- थाना मधुबन बापूधाम के दुहाई गांव के रहने वाले अंकित ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई है। पुलिस जांच में पता चला कि दुहाई के ही निखिल ने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर अंकित पर फायरिंग की थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी नाबालिग और निखिल को गिरफ्तार कर लिया था। निखिल ने पुलिस को बताया कि उसने वारदात में इस्तेमाल हथियार को दुहाई के जंगल में छुपाया हुआ है। पुलिस जब निखिल को मौके पर ले गई तो वहां उसने खंडहर में से हथियार निकालकर पुलिस पर फायर कर दिया। निखिल की तरफ से हुई फायरिंग में सब इंस्पेक्टर गौरव के हाथ को छूते हुई गोली निकली। पुलिस की जवाबी फायरिंग में निखिल घायल हुआ है।

### गाजियाबाद में गौ-पालक के घर पर फायरिंग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र में रविवार देर रात गौ-पालक के घर पर बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की। फायरिंग की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। आरोप है कि जमीनी रंजिश को लेकर परिवार की तरफ से ही सुपारी दिलवा कर यह फायरिंग करवाई गई है। गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र के मंडलवा गांव में राहुल पवार अपने परिवार के साथ रहते हैं। राहुल पवार ने बताया कि वह गाय पालकर अपने परिवार को पालते हैं। राहुल पवार के मुताबिक रविवार देर रात उन्हें अपने घर के बाहर हॉर्न की आवाज आई। राहुल को लगा कि कोई उनसे मिलने आया है। उन्होंने बाहर का गेट खोला तो बाइक पर दो अज्ञात बदमाश दिखाई दिए। राहुल तुरंत घर की तरफ भागे इसी दौरान हेलमेट पहने एक बदमाश अंदर घुस गया और उसने फायरिंग की। फायरिंग की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। फायरिंग के दौरान घर में एक बच्चा रोता हुआ भी सुनाई दिया। राहुल का आरोप है कि उसके ही परिवार से उसकी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और उन्होंने ही सुपारी देकर यह फायरिंग करवाई है। राहुल ने बताया कि कुछ दिन पहले भी उसे धमकी दी गई थी जिसकी शिकायत उसने पुलिस में की थी। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि राहुल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

### किराना स्टोर में लगी भीषण आग

मोदीनगर। मोदीनगर के तिबड़ा मार्ग बाजार स्थित एक किराना स्टोर में सुबहतीन बजे भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। स्टोर की ऊपरी मंजिल पर सो रहा व्यापारी का परिवार आग में फंस गया। परिवार किसी तरह पड़ोसी की छत के सहारे आग से निकाला। दमकल की तीन गाड़ी मौके पर पहुंची। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू किया। व्यापारी सोहनलाल का तिबड़ा मार्ग बाजार में किराना स्टोर है। स्टोर के ऊपर ?ही कारोबारी का परिवार रहता है। शनिवार रात व्यापारी पुत्र वरूण अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ सो रहे थे। बराबर वाले मकान में सोहनलाल के छोटे भाई ब्रजमोहन गुप्ता सो रहे थे। सुबह लगभग तीन बजे किरान स्टोर में तेज धमाके साथ धुंआ उठने लगा। धमाके के कारण गहरी नींद में सो रहा व्यापारी का परिवार जाग गया। देखते ही देखते किराना स्टोर से आग की ऊंची ऊंची लपटें निकलने लगी। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और ऊपरी मंजिल भी आग की चपेट में आ गई। ब्रजमोहन गुप्ता ने बताया कि आग रसोई घर तक पहुंच गई। चींख पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। वरूण ने साहस जुटा कर आग में घिरे परिवार को पड़ोसी की छत के सहारे बाहर निकाला। बचाव कार्य के दौरान आग की चपेट में आकर वरूण मामूली रूप से झुलस गए। मोदीनगर फायर स्टेशन से दकमल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। इसके बावजूद भी आग बढ़ती गई।

### एनएच-9 की सर्विस रोड पर डिवाइडर से टकराकर पलटी कार

इंदिरापुरम। राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन पर शनिवार रात पौने एक बजे कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस बीच इंदिरापुरम आने वाले यातायात वाहनों का जाम लग गया। हादसे में चालक विकास जोशी को चोट लग गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर घायल का इलाज कराया। परिवार के लोग बिना शिकायत के गाड़ी ले गए। वहीं, सुबह दस बजे दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक कार में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। चालक ने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने बताया कि स्विफ्ट कार सवार विकास जोशी दिल्ली की तरफ से इंदिरापुरम की तरफ आ रहा था। एनएच-9 की नीचे वाली लेन पर सेक्टर-64 नोएडा अंडरपास से आगे अचानक गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। चालक विकास उसमें फंस गया। लोगों ने दौड़कर तुरंत चालक को बाहर निकाला। इस दौरान दिल्ली की तरफ आने वाले वाहनों का जाम लग गया। सभी लोगों ने मिलकर पलटी गाड़ी को उठाकर सीधा किया। इसके बाद चालक को बाहर निकाला। इंदिरापुरम पुलिस ने गाड़ी कब्जे में लेकर चालक का इलाज कराया। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि चालक ने कोई शिकायत नहीं दी है। हादसे में किसी को ज्यादा चोट नहीं लगी है।

### छिजारसी कट के पास डिवाइडर से टकराकर पलटी मिनी बस, 15 घायल, 6 चोटिल

इंदिरापुरम। गुरुग्राम से गालंद में लड़की की गोदभराई करने जा रहे 25 लोगों की मिनी बस रविवार सुबह सवा दस बजे दिल्ली - मेरठ एक्सप्रेसवे पर छिजारसी के पास मालवाहक वाहन को बचाने में डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस में सवार 15 लोग घायल हो गए। एक बच्ची समेत छह लोगों को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यातायात निरीक्षक संतोष कुमार और कनावनी चौकी प्रभारी ने क्रेन की मदद से बस को उठवाया। एक बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती हैं। बाकी घायलों को परिवार के लोग घर ले गए। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित भौंडसी थाना क्षेत्र के धामरोज गांव में रहने वाले सेवानिवृत कैप्टन मामराज के पोते दीपक का रिश्ता पिलखुआ के गालंद गांव में युवती से हुआ था। रविवार सुबह परिवार के सदस्य और रिश्तेदार गोद भराई की रस्म करने मिनी बस से जा रहे थे। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर छिजारसी के पास अचानक एक चालक ने बिना दिशासूचक इशारा किए मालवाहक वाहन को दूसरी लेन में मोड़ दिया। इससे उनकी बस का संतुलन बिगड़ गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस पलटने से उसमें वार महिलाएं और बुजुर्ग मदद के लिए चिल्लाने लगे। छोटे-छोटे बच्चे जोर-जोर से रोने लगे। तभी अन्य वाहन चालकों ने रूककर पुलिस को घटना की सूचना दी।

# यूपी के 48 शहरों में हीटवेव अलर्ट, आज बारिश की संभावना

## देश के सबसे गर्म शहरों में झांसी और आगरा, पारा 47 के पार पहुंचा



कानपुर। यूपी में भीषण गर्मी का कहर जारी है। रविवार को आगरा देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 47.7 रिकॉर्ड किया गया। देश के टॉप-5 सबसे गर्म शहरों में यूपी के आगरा और झांसी शामिल रहे। मौसम विभाग ने आज यूपी के 29 जिलों के लिए हीटवेव का ऑरेंज और 19 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, मंगलवार को पूर्वांचल के 10 जिलों में बारिश का अनुमान है। गाजियाबाद के डीएम ने लू को देखते हुए 8वीं तक के सभी स्कूल 20-25 मई तक बंद करने के आदेश दिया हैं। रविवार को इटावा में 3.6 मिमी. बारिश भी हुई।

### मौसम विज्ञानी बोले- प्रदेश में नम हवाएं बढ़ाएंगी उमस

सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. सुनील पांडेय ने बताया, पश्चिम बंगाल से आने वाली नम हवाएं प्रदेश में उमस बढ़ाएंगी। आज हीटवेव की रेड अलर्ट वाली स्थिति नहीं होगी, लेकिन कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ऊपर बना रहेगा।

वहीं, नेपाल से लगे प्रदेश के तराई वाले इलाके गोरखपुर, शाहजहांपुर, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, मऊ, गाजीपुर और वाराणसी समेत कई जिलों में नम हवाओं की वजह से हाई क्लाउड बन सकते हैं। इसकी वजह से स्थानीय स्तर पर कहीं-कहीं बारिश, आंधी चल सकती है।

### कानपुर में लगातार दूसरे दिन टूटा रिकॉर्ड

डॉ. सुनील पांडेय ने बताया, कानपुर में लगातार दूसरे दिन 29 साल का रिकॉर्ड टूटा है। 19 मई 1995 को अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था। तब से अब 19 मई 2024 को 46.9 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, बादलों की आवाजाही से तापमान में 1-2 डिग्री की राहत मिल सकती है।


### आज से कई जिलों में बारिश

एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे सटे जम्मू-कश्मीर की तरफ से आ रहा है। इससे पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश हो सकती है। यूपी में 21 मई से बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया में बारिश के आसार हैं।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले में सुनवाई 21 मई को

प्रयागराज। मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार 20 मई को सुनवाई हुई। करीब दो घंटे तक चली सुनवाई में हिंदू पक्षकारों के वकीलों ने अपनी दलीलें दीं। सोमवार की सुनवाई सूट नंबर 5 पर चली। इसके बाद अदालत ने 21 मई मंगलवार को भी सुनवाई जारी रखने का आदेश दिया। मंगलवार को भी सूट नंबर पांच पर बहस होगी। शाही ईदगाह कमेटी और वक्फ बोर्ड के वकील भी बहस करेंगे। हाईकोर्ट के जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल 18 सिविल वादों की पोषणीयता को लेकर लगातार इलाहाबाद हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई चल रही है। मुस्लिम पक्ष की दलीलों के बाद हिंदू पक्ष की ओर से अदालत में सिविल वाद को एक्सप्लेन किया जा रहा है। हिंदू पक्ष इस मामले को अयोध्या विवाद की तर्ज पर केस चलाने की मांग उठा रहा है। है। मंदिर पक्ष ने हाईकोर्ट में कहा था कि कटरा केशव देव के नाम दर्ज जमीन पर विवादित ढांचे की संपत्ति के स्वामित्व का सुन्नी सेंट्रल बोर्ड या ईदगाह की इंतजामिया कमेटी ने अभी तक कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया है ।

# सपा विधायक मामले में 9वीं बार टला फैसला



कानपुर। सपा विधायक इरफान सोलंकी मामले में 9वीं बार फैसला टल गया है। जाजमऊ आगजनी मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट का फैसला सुनाया जाना था। कोर्ट ने अब फैसले के लिए 27 मई की तारीख दी है। इरफान को भी जेल से तलब किया गया है।

### 9 मई को पूरी हो गई थी बहस

बता दें कि 1 मार्च को सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसले के लिए 14 मार्च की तारीख तय की थी। इसके बाद अलग-अलग कारणों से फैसला टलता रहा। इस बीच कोर्ट ने दोबारा दोनों पक्षों से लिखित बहस दाखिल करने को कहा था। नौ मई को सभी पक्षों की लिखित बहस भी कोर्ट में दाखिल हो गई थी। इसके बाद कोर्ट ने 20 मई की तारीख तय की थी।

### कोर्ट ने सभी आरोपियों को तलब किया

डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि सोमवार को कुछ कारणों से फैसला नहीं आ सका। इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कोर्ट में इरफान को तलब करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर उन्हें 27 मई को तलब करने का आदेश दिया है। 27 मई को इरफान समेत सभी आरोपी कोर्ट पहुंचेंगे और तब कोर्ट फैसला सुनाएगी।

### विधायक समेत 5 लोग हैं आरोपी

जाजमऊ की रहने वाली नजीर फातिमा के घर में 7 नवंबर 2022 को आग लग गई थी, जिसमें सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पांच आरोपियों इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, शौकत अली, मो. शरीफ व इसराइल आटे वाला के मुकदमे में सभी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। मुकदमे में अब कोर्ट को फैसला सुनाना है।

# आजमगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते 11 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## एक लाख दो हजार रुपए और 9 मोबाइल बरामद

आजमगढ़। आजमगढ़ के कोतवाली पुलिस ने सीओ सिटी गौरव शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी करते हुए 11 अभियुक्त को जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 2 हजार से अधिक बरामद किया गया है। इसके साथ ही 9 मोबाइल भी बरामद किया गया है।

मामले की जांच में जुटे इंस्पेक्टर शशिमोली पांडे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह छापेमारी की गई। जिसके बाद 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि जुआ खेला जा रहा है। ऐसे में पुलिस ने आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने का प्लान बनाया। इसी क्रम में गिरफ्तारी की गई।

### आरोपियों पर कार्रवाई कर भेजा गया जेल

कोतवाली प्रभारी शशिमौली पांडे ने बताया कि 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। इसके बाद आरोपियों पर कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

# कानपुर में दो वाहनों में लगी आग, कंडक्टर जिंदा जला

## तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर तोड़ सामने आ रहे ट्राले से भिड़ा; मृतक राजस्थान निवासी था

कानपुर। कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर ट्रक बेकाबू होकर सामने से आ रहे ट्राले में जा घुस। धमाके के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में ट्राले के कंडक्टर की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्राले का ड्राइवर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उर्सला अस्पताल में एडमिट कराया गया है। हादसा चकेरी स्थित प्रयागराज-कानपुर फ्लाईओवर पर सुबह करीब 7 बजे हुआ।

महाराजपुर की ओर से आ रहा एक दलिया लदा ट्रक चढ़ा। कुछ दूर जाने के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी लाइन में सामने से आ रहे ट्राले में जा घुसा। इस बीच ट्रक



का चालक मौके से भाग निकला।

### आग के बीच फंसे चालक-परिचालक

ट्राले में मौजूद चालक व परिचालक केबिन में फंस गए। देखते ही देखते कुछ देर में दोनों वहां धू धूकर जलने लगे। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दमकल को बुलाया। घटनास्थल पर जाजमऊ फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन टीम के साथ पहुंचे। उनकी टीम ने जल्द ही आग पर काबू पाया।

जब तक आग पर काबू पाया जाता जब तक ट्राले में मौजूद परिचालक की जलने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे उपचार के लिए पुलिस ने उर्सला अस्पताल भेजा गया। हादसे की सूचना पर एडीसीपी पूर्वी लखन यादव एसीपी चकरी दिलीप सिंह और थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

### राजस्थान निवासी की हुई जलने से मौत

थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि प्राथमिक जांच में हादसे में राजस्थान के शाहपुर भीलवाड़ा निवासी 18 वर्षीय मोनू प्रजापति की जलने से मौत हुई है। जो ट्राले में कंडक्टर था। जबकि ट्राले में मौजूद 27 वर्षीय चालक सावरिया प्रजापति आग से झुलस गया है। जिसका उर्सला अस्पताल में उपचार चल रहा है। फिलहाल हादसे से संबंधित अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।

# कानपुर में खड़े डीसीएम में टकराई अर्टिगा कार

## मां-बेटा और मौसी की मौत, फतेहपुर जाते समय हुआ हादसा; बच्ची समेत 2 घायल

**नरवल।** कानपुर में सोमवार को अर्टिगा कार खड़े डीसीएम में घुस गई। हादसे में मां-बेटा और मौसी की मौत हो गई। पांच साल की बच्ची सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। महाराजपुर पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मृतकों की शिनाख्त फतेहपुर निवासी नूर फातिमा (40), अदनान (23) और रीना (26) के रूप में हुई है।

फतेहपुर के खैरहरी गांव निवासी तौहीद कादरी दिल्ली में बिजनेस करते हैं। रविवार को वह अपने परिवार के साथ कानपुर में कार्यक्रम में आए थे। सोमवार सुबह वह अपने गांव जा रहे थे।

तभी कानपुर में महाराजपुर क्षेत्र के विराट ढाबा के पास तेज अर्टिगा कार खड़ी डीसीएम में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह डैमेज हो गया।



### पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

हादसे में तौहीद कादरी (50) और पांच साल की बच्ची अमायरा को गंभीर चोटें आई हैं। उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। महाराजपुर पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### तहरीर के आधार पर कार्रवाई में जुटी पुलिस

महाराजपुर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एडीसीपी पूर्वी लाखन सिंह ने बताया कि इस मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर देहात में ट्रेन से कटकर महिला की मौत

कानपुर देहात। कानपुर देहात में रेलवे लाइन पार कर रही महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना झींझक इलाके की है। खम्हैला निवासी रामबहादुर की पत्नी रेशमवती (55) अपने खेतों में पड़े भूसे को भरवाने गईं थी। भूसे को भरवाने के बाद वह रेलवे लाइन पार कर घर लौट रही थी। इस दौरान रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गई और उनकी मौत हो गई। रेशमवती की मौत की सूचना मिलते ही बेटी ज्योति, शिवानी और पुत्र आदित्य का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी झींझक अनुज अवस्थी ने बताया कि स्टेशन मास्टर झींझक की सूचना पर मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 50 हजार के इनामी गैंगस्टर इमरान को भेजा जेल

अलीगढ़। अलीगढ़ की जवां पुलिस और स्वॉट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार चल रहे इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लंबे समय से आरोपी की तलाश कर रही थी, जिसके बाद पुलिस को उसके पश्चिम बंगाल में होने की जानकारी मिली थी।

आरोपी की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उसे पश्चिम बंगाल में जाकर गिरफ्तार किया है। पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उसे लेकर अलीगढ़ आई और यहां न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया है। कोर्ट ने सोमवार को आरोपी की पेशी के बाद उसे जेल भेजा है। वहीं पुलिस अब मामले की जांच में जुटी हुई है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हमदर्द नगर गोल मार्केट जमालपुर निवासी मो. इमरान पुत्र सलीमद पेशेवर अपराधी है। उसके खिलाफ अलीगढ़ के जवां, बन्नादेवी समेत कई थानों में नामजद मुकदमे दर्ज हैं। इसके साथ ही पुलिस ने उसके ऊपर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की थी गैंगस्टर एक्ट के साथ ही पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। इसके बाद से ही आरोपी लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लगभग दो साल के बाद पुलिस ने अब आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। जिससे कि आरोपी को न्यायालय के जरिए सजा दिलाई जा सके। आरोपी के खिलाफ अलीगढ़ में 5 मुकदमे दर्ज हैं। जिसके बाद पुलिस ने उस पर गैंगस्टर एक्ट लगाया था। इससे पहले कि पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करती आरोपी अलीगढ़ में अपनी सारी संपत्ति बेचकर फरार हो गया था।

# एटा में फर्जी मतदान वाले बूथ पर 25 मई को होगा पुनर्मतदान

एटा। फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र में एटा जिले के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 343 खिरिया पमारान में 25 मई को पुनर्मतदान होगा। दरअसल, नया गांव थाना क्षेत्र स्थित इस बूथ पर 13 मई को हुये मतदान के दौरान एक युवक द्वारा आठ बार वोट डालने का एक वीडियो वायरल हुआ था। आरोपी युवक की पहचान खिरिया पमारान के प्रधान अनिल ठाकुर के पुत्र राजन सिंह ठाकुर के तौर पर की गयी है, जो नाबालिग है और इंटर मीडिएट का छात्र है। फर्रुखाबाद लोकसभा के समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य ने मामले की शिकायत मुख्य निर्वाचन आयुक्त, एटा और फर्रुखाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी से की थी और पुन: मतदान करवाने की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुये अलीगंज के एसडीएम प्रतीत त्रिपाठी ने एटा के नायगाव थाना में रविवार रात ही आईपीसी की धारा 171 एफ, 419, व आईटी एक्ट की धारा 66 व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 132, 136, 128 के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाकर जांच शुरू कर दी थी।

प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी रणदीप रिनवा ने एटा में फर्जी वोटिंग के वायरल वीडियो की खबर का संज्ञान लिया था और कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिये थे, जिसके बाद देर रात ही राजन सिंह को एटा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। सम्बंधित पोलिंग बूथ संख्या 343 पर पुनर्मतदान के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश ने संस्तुति की थी। इसके अलावा सम्बंधित बूथ पर तैनात पोलिंग पार्टी के सभी सदस्यों को सस्पेंड कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए थे। अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजश्व व उप जिला निर्वाचन अधिकारी एटा आयुष चौधरी ने बताया कि फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अलीगंज विधानसभा जनपद एटा में एक व्यक्ति के द्वारा कई बार वोट देते समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

# प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन

सीतापुर। जिले की तहसील लहरपुर क्षेत्र की शिक्षण संस्था दि मिलेनियम अकैडमी में सिख इतिहास विषय पर एक प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के पचास छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विकास वर्मा,आयुषी गौर,और अभिनव पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम रमना फॉर्म स्थित दि मिलेनियम अकैडमी में सिख इतिहास विषय पर एक लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के पचास छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा विकास वर्मा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रथम स्थान,आयुषी गौर को द्वितीय स्थान, अभिनव पटेल को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया।सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विजई प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को उनके सुंदर लेखन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# कुकुरमुत्ते की तरह संचालित हो रहे अवैध अस्पताल

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा

सीतापुर। यूं तो पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों के रहमो करम पर अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं लेकिन लहरपुर क्षेत्र में अवध अस्पतालों का संचालन थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।

सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के रहमों करम पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर के अन्तर्गत बिना रजिस्ट्रेशन लगभग एक दर्जन से अधिक अवैध अस्पतालों का संचालन बद्दस्तूर जारी है। ऐसे क्लिनिकों पैथालॉजी व निजी चिकित्सालयों का संचालन बिना डिग्री डिप्लोमा झोलाछाप लोगों अथवा आयुर्वेदिक यूनानी होम्योपैथिक लोगों के द्वारा एलोपैथिक चिकित्सालयों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है।

ज्ञातव्य है कि, नगर से लेकर क्षेत्र तक सैकड़ों की संख्या में अवैध अस्पतालों के संचालन देखे जा सकते हैं। यदि ऐसे अस्पतालों से जानकारी लो

तो बताया जाता है कि फाइल प्रोसेसिंग में है। यह खेल रुकने का नाम




तो नहीं ले रहा है बल्कि नए हास्पिटलों का खुलना बदस्तूर जारी है।

अभी हाल ही में सीतापुर रोड डॉक्टर धनीराम के घर के सामने आर ए हास्पिटल उग कर सामने आ गया। इस अस्पताल में डाक्टरों का तो अता पता नहीं किन्तु भोले भाले मरीजों का खून चूसते हुए जरूर देखा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार लोग अपनी जेबों का वजन बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं।

हर तरफ एक ही चर्चा निकल कर सामने आ रही है कि नोडल अधिकारी गंगवार के शार्गीद संविदा कर्मचारी बी के गुप्ता व कबीर का नाम निकल कर सामने आ रहा है।जनपद के समस्त झोलाछाप या आयुर्वेदिक यूनानी होम्योपैथिक डिग्री धारक डॉक्टरों के सम्बन्ध ऐसे अस्पताल संचालकों से बताएं जा रहे हैं।

अधिकारी जब कोई कार्यवाही करने के लिए सोचता है तो यही दोनों लोग झोलाछाप डाक्टरों को बचाने के सारे गुरुमंत्र बता देते हैं । और लोग बच भी जाते हैं ऐसा सूत्रों का दावा है।

# शार्ट न्यूज

## गोंडा में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

गोंडा। गोंडा पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुनावी माहौल खराब करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है शैलेंद्र कुमार ने के युवक ने सूरज सिंह कलहंस के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बना करके चुनावी माहौल खराब करने का प्रयास किया और कैसरगंज भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के समर्थन में जाति विशेष के व्यक्तियों को गाली देकर देख लेने की धमकी दी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद कैसरगंज भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के चुनावी अभिकर्ता महेंद्र सिंह ने गोंडा नगर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आज पुलिस ने आरोपी शैलेंद्र कुमार निवासी बहराइच को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए मोबाइल फोन को भी तोड़ दिया था। पुलिस ने उसकी मोबाइल को बरामद कर लिया है। भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने बताया कि मेरे समर्थन में इस युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके चुनावी माहौल खराब करने का प्रयास किया था। जिसको लेकर मेरे चुनाव अभिकर्ता ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था और हमने इस बात का खंडन भी किया था कि मैं इस व्यक्ति को नहीं जानता हूं। जिसके बाद अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## चंद रुपयों के लालच में करा दी दोस्त की हत्या

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक युवक को उसी के जिगरी दोस्त ने उसके दुश्मनों के हवाले कर दिया। जिन्होंने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी और लाश को गड्ढा खोदकर खेत में दबा दिया। पुलिस इस मामले में 2 युवकों को अरेस्ट करके घटना का खुलासा किया है। हत्याकांड को अंजाम देने में शामिल रहे बाकी 4 आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं। कटघर थाना क्षेत्र में सूरजनगर पीतल बस्ती निवासी संतोष यादव ने 17 मई को कटघर थाने में अपने बेटे विशाल यादव की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसमें संतोष ने कहा था कि उसका बेटा विशाल 16 मई की रात 10 बजे से लापता है। संतोष यादव ने बेटे की हत्या की आशंका भी जाहिर की थी। संतोष ने कहा था कि उसका बड़ा बेटा सुभाष हत्या के मामले में 2022 से जेल में बंद है। उसने आशंका जाहिर की थी कि उसी का बदला लेने के लिए विपक्षी पक्ष ने उसके दूसरे बेटे विशाल को अगवा करके मार दिया है। संतोष ने पुलिस को बताया था कि अंशुमन उर्फ काके की डेढ़ साल पहले मौत हो गई थी। इसी मामले में उसका बड़ा बेटा जेल में बंद है। अंशुमन के भाई अनिरुद्ध ने खून का बदला खून से लेने की धमकी दी थी। उसने ही बेटे की हत्या को अंजाम दिया है।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर कराई पति की हत्या



फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में अवैध संबंधों में बाधक बन रहे पति की पत्नी ने ही प्रेमी और उसके दोस्तों के साथ मिलकर हत्या करा दी। उसके शव को खेत में फेंकवा दिया। पुलिस ने आरोपी पत्नी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 18 मई शनिवार को शनिदेव मंदिर के पास खेतों में एक युवक का शव पड़ा मिला था। जिसकी पहचान जोनी पुत्र सत्यप्रकाश निवासी सरजीवन नगर थाना रामगढ़ के रूप में हुई थी। मृतक की पत्नी ज्ञानवती देवी ने पति की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वहीं, मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद आरोपी पत्नी ज्ञानवती, जय सिंह यादव पुत्र लाखन सिंह निवासी जारखी थाना पचोखरा, योगेश पुत्र दयाशंकर और प्रांशु पुत्र राकेश निवासीगण मदावली थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी ने बताया कि जांच पड़ताल में सामने आया कि ज्ञानवती का जय सिंह यादव निवासी जारखी से मिलना जुलना था। जब उसके बारे में जानकारी की तो पता चला कि हत्या की घटना के बाद से ही जय सिंह घर नहीं पहुंचा। सोमवार को पुलिस ने जय सिंह और उसके दो दोस्तों को नगला बैंदी आश्रम के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## गौ-तस्कर ने घर में घुसकर महिला से की मारपीट

शामली। शामली में गौ-तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए आरोपी पर जेल से बाहर निकलने के बाद आतंक मचाने का आरोप है। आरोपी पर एक घर में घुसकर गर्भवती के साथ मारपीट करने की शिकायत मिली है। पीड़ित पक्ष के मुताबिक आरोपी महिला पर पुलिस में मुखबिरी कर एनकाउंटर कराने का आरोप लगाते हुए 5 लाख रूपए की डिमांड कर रहा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिटी के मोहल्ला गुलशननगर निवासी गर्भवती महिला रूबिना को पुलिस और परिजन घायल अवस्था में उपचार के लिए सीएचसी शामली लेकर पहुंचे। घायल महिला की बहन नगमा ने बताया कि शहजाद नाम के आरोपी को फरवरी 2024 में कैराना पुलिस ने गौ-तस्करी के आरोप में एनकाउंटर के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि शहजाद अपने साथी इंतजार के साथ सोमवार की सुबह महिला रूबिना के घर पहुंचा और महिला से मारपीट करते हुए घर में तोड़फोड़ भी की। पीड़ित पक्ष ने बताया कि आरोपी द्वारा रूबिना पर पुलिस में मुखबिरी कर एनकाउंटर कराने का आरोप लगाया है और अब वह 5 लाख रूपए की डिमांड कर रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के आधार पर पुलिस महिला का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आगे की जांच पड़ताल करने की बात कह रही है।

## मेरठ में 25 मई तक आठवीं कक्षा के स्कूल बंद

मेरठ। मेरठ में गर्मी और लू की चपेट से बच्चों को बचाने के लिए स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिले में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया है। इसे देखते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों में 21 मई से अवकाश की घोषणा कर दी है। 21 मई से लेकर 25 मई तक स्कूल बंद रहेंगे। 21 मई से सीबीएसई, आईसीएसई, यूपी बोर्ड, आईबी हर बोर्ड में आठवीं क्लास तक के स्कूल बंद रहेंगे। सोमवार सुबह से मेरठ में 36 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया है जो दिन में 40 डिग्री तक जाने की संभावना है। लू और गर्मी से जनता बेहाल है, सड़कों पर सुबह से सन्नाटा छाया हुआ है। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि आने वाले पांच दिनों में तापमान और बढ़ेगा। अभी गर्मी में कोई राहत नहीं मिलेगी। राजस्थान की ओर से आ रही गर्म हवाओं के कारण पूरे वेस्ट यूपी में पारा लगातार चढ़ रहा है। सुबह से ही गर्म हवाएं चलने और तपिश के कारण लोग परेशान हैं। डॉक्टरों ने भी लोगों को घर में अंदर रहने की सलाह दी है। बेहद जरूरी होने पर ही धूप में निकले। डॉक्टर लोगों को लगातार पानी पीने, पेय पदार्थ लेने की सलाह दे रहे हैं। ताजा खाना खाएं और घर के अंदर ही रहें। पिछले छह दिनों से सूरज के तेवर इतने गर्म हैं कि लोगों का बुरा हाल है।

## करंट की चपेट में आकर चाचा-भतीजे की मौत

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में करंट की चपेट में आकर चाचा-भतीजे की मौत हो गई। सुबह जब ग्रामीण दुकान के पास से गुजरे तो फर्श पर दोनों के शव पड़े देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पूरी दुकान में करंट दौड़ रहा था। बिजली विभाग के कर्मियों को बुलाकर बिजली सप्लाई कट करवाई गई। इसके बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के सुन्दरवल कस्बे में स्थित एक शराब की दुकान में चल रही कैंटीन के शटर और फ्रीजर में करंट आ गया। इससे दुकान में मौजूद दीपक (30) और भतीजा धीरज (19) की मौत हो गई। रात भर दोनों के शव फर्श पर पड़े रहे। सुबह उधर से गुजरे ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को जानकारी दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पूरी दुकान में करंट दौड़ रहा था। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक ने बिजली कर्मियों को बुलवाया और सप्लाई कट करवाई और दोनों शवों को बाहर निकलवाया। दोनों चाचा-भतीजे बेहजम के रहने वाले थे और सुन्दरवल में कैंटीन चलाते थे।

## कंगाल पाकिस्तान के नेताओं के पास दुबई में अरबों की संपत्ति

करांची । कैसे नकदी की तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान के अमीर और मशहूर लोगों के पास दुबई में अरबों की संपत्ति है। यहां पाकिस्तान कर्ज में डूब रहा है। लेकिन राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के तीन बच्चे और पूर्व पाकिस्तानी सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा के बेटे जैसे अमीर पाकिस्तान की आम आवाम निश्चित रूप से नहीं हैं। नई रिपोर्ट से पता चलता है कि पाकिस्तान के अति अमीरों के पास दुबई में 17,000 से 22,000 के बीच संपत्ति है, जिसकी कीमत 12.5 अरब डॉलर है। जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां लीक में 17,000 पाकिस्तानी नागरिकों को मालिकों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, वहीं दुबई में आवासीय संपत्ति के पाकिस्तानी मालिकों की वास्तविक संख्या 22,000 है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022 की शुरुआत में अपार्टमेंट और विला की कीमत 10 बिलियन डॉलर से अधिक हो सकती है, लेकिन जैसे-जैसे रियल एस्टेट की कीमतें बढ़ती हैं, वास्तविक कीमत अब 12.5 बिलियन डॉलर से अधिक आंकी जा सकती है। बात दें कि सेंटर फॉर एडवांस्ड डिफेंस स्टडीज एक गैर-लाभकारी संगठन द्वारा प्राप्त किया गया है। जांच से पता चला है कि दुबई कई रिची रिच की पहली पसंद बन गया है।

## सीपीईसी में शामिल हो जाए अफगानिस्तान... लेकिन चीन ये काम करे : पाकिस्तान

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के प्लानिंग डेव्लपमेंट मंत्री अहसान इकबाल चौधरी ने कहा है कि इस्लामाबाद को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) प्रोजेक्ट में अफगानिस्तान को शामिल करने में दिक्कत नहीं है। हालांकि पाकिस्तान ये जरूर चाहता है कि चीन की ओर से अफगानिस्तान पर आतंकवादी समूहों पर नकेल कसने के लिए दबाव बनाया जाए, जो उसकी जमीन से चल रहे हैं। इकबाल ने कहा कि उनकी सरकार देश में काम करने वाले चीनी नागरिकों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसके लिए उठाए कदमों का जिक्र करते हुए ये इशारा भी किया अफगानिस्तान की धरती पर पनप रहे आतंकी संगठन इन हमलों के पीछे हैं। चौधरी ने कहा, जब भी आप आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करते हैं, तब वह कोई नया रास्ता ढूंढने की कोशिश करते हैं। आतंकियों की ओर से वर्तमान में चीजों को खराब करने की कोशिश हुई हैं, लेकिन चीनी सरकार ने साफ किया है कि ऐसी कायरतापूर्ण घटनाएं सीपीईसी को आगे बढ़ाने से नहीं रोक सकती हैं। पाकिस्तान सरकार ने भी सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं। चौधरी ने चीन की सराहना करते हुए ये भी कहा कि सीपीईसी में चीनी निवेश ने उस समय पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मदद की जब देश कठिन समय से गुजर रहा था। इकबाल ने कहा, चीन ने 11 साल पहले 2013 में पाकिस्तान में 25 बिलियन डॉलर का निवेश करने का फैसला किया था। ये एक ऐसा समय था, जब हमारे पास बिजली की कमी थी। देश आतंरिक सुरक्षा से भी जूझ रहा था, लगातार आत्मघाती बम विस्फोट उस समय हो रहे थे। इस सबके बावजूद चीन ने उस समय पाकिस्तान का समर्थन करने का फैसला किया और यहांकर निवेश किया।

## चीन ने ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के मामले में 3 अमेरिकी कंपनियों को किया बैन

बीजिंग (ईएमएस)। चीन और अमेरिका के संबंधों में तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के फैसले से नाराज चीन लगातार इसका विरोध कर रहा है। इसी कड़ी में चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए सोमवार को बोइंग और अमेरिका की दो रक्षा कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की। बीजिंग, ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए रक्षा कंपनियों के खिलाफ हाल के वर्षों में प्रतिबंधों की घोषणा कर चुका है। इसी कड़ी में चीन ने ये नए प्रतिबंध लागू किए हैं। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी यूनिट, जनरल एटमिक एयरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स पर भविष्य में अपने देश में निवेश करने और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन व अधिकारियों की यात्रा पर रोक लगा दी। चीन ने इन तीनों अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में भी डाल दिया। ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने उन्नत लड़ाकू विमानों और अन्य प्रौद्योगिकी के आयात व अपने घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत कर देश की सुरक्षा को मजबूत करने का संकल्प लिया है। चीन ने अप्रैल में जनरल एटमिक एयरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स की परिसंपत्तियों पर रोक लगा दी थी।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने संसद में विश्वास मत हासिल किया



काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया जो उनके पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा शक्ति परीक्षण था। इस दौरान मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने नारेबाजी की और वह मतदान से दूर रही। नेपाल की प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी 'कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर)' के नेता प्रचंड (69) को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 157 वोट मिले। मतदान में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया। मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया और उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी की। लामिछाने पर सहकारी निधि के दुरुपयोग का आरोप है। विपक्षी दल की इस नारेबाजी के कारण मतदान प्रक्रिया में देरी हुई। मतदान के दौरान प्रतिनिधि सभा का एक सदस्य तटस्थ रहा। सदन के अध्यक्ष राज घिमिरे ने घोषणा की कि संसद में बहुमत मिलने के साथ ही प्रचंड ने विश्वास मत हासिल कर लिया है। यह शक्ति प्रदर्शन गठबंधन सहयोगियों में शामिल 'जनता समाजबादी पार्टी' (जेएसपी) द्वारा पिछले सप्ताह गठबंधन सरकार से अपना समर्थन वापस लिए जाने के कुछ दिनों बाद किया गया। सरकार को विश्वास मत जीतने के लिए कम से कम 138 मतों की आवश्यकता थी। इससे पहले, नेपाली कांग्रेस द्वारा अवरोध पैदा किए जाने के कारण मतदान में देरी हुई। नेपाली कांग्रेस ने घोटाले में लामिछाने की कथित संलिप्तता की जांच के लिए संसदीय जांच समिति के गठन की मांग की। प्रचंड के दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद से संसद में विश्वास मत के लिए चौथी बार मतदान हुआ है। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, किसी सहयोगी दल के सत्तारूढ़ गठबंधन से समर्थन वापस लेने की स्थिति में प्रधानमंत्री को विश्वास मत हासिल करना होता है। इससे पहले प्रचंड ने 13 मार्च को लगातार तीसरी बार विश्वास मत जीता था।

## इजराइल के हवाई हमले में 27 की मौत, मरने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल

गाजा। गाजा में हमास और इजराइल के बीच आठ महीने से चल रही लड़ाई ने रविवार को और जोर पकड़ लिया। मध्य गाजा में एक इजराइली हवाई हमले में 27 लोग मारे गए। इस युद्ध के बाद गाजा में कौन शासन करेगा, इस सवाल पर इजराइली नेता बंटे हुए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपनी वार कैबिनेट के दो अन्य सदस्यों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा। उनके मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेनी गांत्ज ने कहा है कि युद्ध के बाद गाजा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रशासन को शामिल करते हुए आठ जून तक एक योजना नहीं बनाई जाती है तो वह सरकार से बाहर हो जाएंगे। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन के नेतन्याहू और इजराइली नेताओं से बातचीत होनी है ताकि इजराइल को मान्यता देने के लिए सऊदी अरब के साथ एक महत्वाकांक्षी अमेरिकी योजना पर चर्चा की जा सके।




मैड्रिड में फार राइट पार्टी वोक्स के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग।

## स्पेसएक्स फाल्कन 9 ने रॉकेट को 21वीं बार लॉन्च कर बनाया नया रिकॉर्ड



सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट को 21वीं बार लॉन्च कर नया रिकॉर्ड बनाया गया। प्रक्षेपण फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से हुआ, जिससे 23 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह कक्षा में स्थापित हो गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक उड़ान भरने के बाद, फाल्कन 9 का पहला चरण अटलांटिक महासागर में स्पेसएक्स ड्रोन जहाज पर उतरकर सुरक्षित रूप से धरती पर लौट आया। स्पेसएक्स ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा-फाल्कन 9 ने बूस्टर का पहला 21वां लॉन्च और लैंडिंग पूरा कर किया और 23 श्स्टारलिंक उपग्रहों को फ्लोरिडा से कम-पृथ्वी की कक्षा में पहुंचाया। यह विशेष बूस्टर के लिए 21वां सफल प्रक्षेपण और लैंडिंग है। फाल्कन 9 के ऊपरी चरण ने उपग्रहों को निचली पृथ्वी की कक्षा में तैनात करना जारी रखा। यह लॉन्च स्पेसएक्स के 2024 में करीब 150 लॉन्च करने के लक्ष्य का हिस्सा था। नई लॉन्च ने स्पेसएक्स के लिए साल का 51वां कक्षीय मिशन चिह्नित किया, जिसमें स्टारलिंक ब्रॉडबैंड मेगाकॉन्स्टेलेशन के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया। वर्तमान में तारामंडल में 5,900 से ज्यादा परिचालन उपग्रह हैं, जिनमें से 51 कक्षीय प्रक्षेपणों में से 36 इसके विस्तार के लिए समर्पित हैं।

## अमेरिकी सांसद के बिगड़े बोल कहा- अच्छा है ईरान के राष्ट्रपति मर जाएं, तानाशाही और आतंकवाद से मुक्ति मिलेगी



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहिम रईसी का हेलिकॉप्टर क्रैश होने की खबर आते ही अमेरिकी सांसद का बेतुका बयान सामने आया है। अमेरिकी सांसद रिक स्कॉट ने कहा कि यदि इब्राहिम रईसी जिंदा नहीं बचे हैं तो यह अच्छी बात है और इससे दुनिया रहने के लिए और सुरक्षित हो जाएगी। रिपब्लिक सांसद ने एक्स पर लिखा, यदि रईसी की मौत हो गई है तो फिर दुनिया अब पहले से बेहतर और सुरक्षित होगी। वह शख्स एक आतंकवादी और तानाशाह था। उससे कोई प्यान नहीं करता था और न सम्मान देता था। उसे कोई मिस नहीं करेगा। यदि उसकी मौत हो गई है तो मैं उम्मीद करता हूं कि ईरान के लिए यह मौका है कि वह अपने देश की सत्ता को कातिल तानाशाहों से वापस ले लें।

अमेरिकी सांसद का यह बयान चुभने वाला और आपत्तिजनक है। अब तक अमेरिकी सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। लेकिन इस दुखद घटना में तमाम देशों ने ईरान के साथ खड़े होने की बात कही है। खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका के कई सहयोगियों ने भी ईरान से इस घटना को लेकर संवेदना प्रकट की है। ऐसी स्थिति में अमेरिकी सांसद का बयान तनाव भी बढ़ाने वाला है। बता दें कि इस मामले में अब तक अमेरिकी सरकार ने कुछ नहीं कहा है। सूत्रों का कहना है कि बाइडेन प्रशासन इस मामले में संभलकर चलना चाहता है। इस मामले की रिपोर्ट जो बाइडेन ने मांगी है और उन्हें पूरी जानकारी अधिकारियों ने दी है। बता दें कि ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहिम रईसी का बेल 212 हेलिकॉप्टर रविवार को क्रैश हो गया था। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब इब्राहिम रईसी खुदाफरिन शहर से ताबरिज जा रहे थे। इसी दौरान उनके विमान से संपर्क टूट गया और हेलिकॉप्टर वजरकान इलाके के पास क्रैश हो गया। घंटों के अभियान के बाद क्रैश हेलिकॉप्टर का मलबा मिल गया है, लेकिन किसी के भी जिंदा बचने की उम्मीद नहीं है। हालांकि आधिकारिक तौर पर ईरान ने इस पर अभी कुछ नहीं कहा है। सऊदी अरब, भारत, चीन, रूस समेत दुनिया भर के देशों ने इस हादसे पर दुख जताया है।

## चीन के कट्टर विरोधी लाइ चिंग बने ताइवान के राष्ट्रपति, भविष्य की रणनीति से घबराया चीन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** ताइपे सिटी(ईएमएस)। चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही है। आए दिन चीन किसी न किसी बहाने ताइवान को न केवल आंख दिखाता है बल्कि चुनौतियां भी खड़ी कर देता है। इसी बीच लाइ चिंग ताइवान के राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्हें चीन का कट्टर विरोधी माना जाता है। लाइ चिंग ने सोमवार को ताइवान के राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। लंबे समय से चीन से मिल रहीं चुनौतियों का सामना कर रहे ताइवान की राजधानी ताइपे में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर 12 देशों का प्रतिनिधिमंडल मौजूद था। इसमें अमेरिका, जापान और यूरोप के कई देशों के अधिकारी शामिल थे।

इस मौके पर 64 साल के लाइ ने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति की भी हितकारी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। बता दें कि ताइवान एशिया का पहला देश है जिसने समलैंगिक विवाह को मान्यता दी है। त्साई के दूसरे कार्यकाल के दौरान चिंग उपराष्ट्रपति थे। 2017 में उन्होनें खुद को ताइवान की स्वतंत्रता का अग्रदूत बताया था। हालांकि अब वह चाहते हैं कि चीन से बातचीत के जरिए हल निकाला जाए और ताइवान की यथास्थिति बरकरार रहे। बता दें कि चीन ताइवान को अपना हिस्सा बताता है और कहता है कि जरूरी होने पर वह अपनी सेना भी तैनात कर सकता है। लाइ को विलियम नाम से भी जाना जाता है। लाइ ने जोर दिया कि वह ताइवान की सुरक्षा के लिए अपने करीबी अमेरिका से रक्षा आयात बढ़ाएंगे। आए दिन ताइवान की सीमा में अपने विमान भेजने वाले चीन से निपटने के लिए राष्ट्रपति चिंग ने अमेरिका से अडवांस विमान खरीदने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि रक्षा उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा और देश में ही सबमरीन और एयरक्राफ्ट का निर्माण होगा। इसके अलावा अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और फिलीपीन्स जैसे देशों से सहयोग बढ़ाने की भी बात कही गई है।

## ऋषि सुनक इतने मालामाल हो गए कि सालभर भी नहीं हुआ और किंग चार्ल्स से आगे निकल गए

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अमीरी के मामले में ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स को पीछे छोड़ दिया है। ब्रिटिश मीडिया के मुताबिक अमीरों की ताजा लिस्ट से यह जानकारी निकलकर सामने आई है। अखबार ने अरबपतियों की लिस्ट छापते हुए दावा किया कि ब्रिटेन में धनकुबेरों की संख्या कम हो रही है। इस लिस्ट में पहली बार अरबपतियों की संख्या में भारी कमी देखी गई, जो वर्ष 2022 के 177 से गिरकर अब 165 रह गई है। इस लिस्ट में भारतीय मूल के ब्रिटिश कारोबारी गोपी हिंदुजा और उनका परिवार 37.2 बिलियन पाउंड की कुल संपत्ति के साथ टॉप पर है, जो रैंकिंग के इतिहास में सबसे बड़ी संपत्ति है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पीएम सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति पिछले एक साल में 12 करोड़ पाउंड (12.7 अरब रुपये) से ज्यादा बढ़कर कुल 65.1 करोड़ पाउंड यानी 68.67 अरब रुपये पहुंच गई है। वहीं इस दौरान किंग चार्ल्स की कुल संपत्ति 60 करोड़ पाउंड से बढ़कर 61 करोड़ पाउंड ही रही। लिस्ट के टॉप 10 में आर्सेलर मित्तल स्टीलवर्क्स के एनआरआई टाइकून लक्ष्मी एन. मित्तल भी आठवें नंबर पर हैं। इसके बाद वेदांता रिसोर्सेज के उद्योगपति अनिल अग्रवाल 7 अरब पाउंड के साथ 23वें नंबर पर हैं। 2024 की सूची में भारतीय मूल के अरबपतियों में कपड़ा कारोबारी प्रकाश लोहिया 6.23 अरब पाउंड के साथ 30वें स्थान पर हैं, वहीं खुदरा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियां मोहसिन और जुबेर इस्सा 5 अरब पाउंड के साथ 39वें स्थान पर हैं, और फार्मा दिग्गज नवीन और वर्षा इंजीनियर 3 अरब पाउंड के साथ 58वें स्थान पर हैं। टॉप 100 सबसे अमीर ब्रितानियों में साइमन, बॉबी और रॉबिन अरोड़ा बंधु 2.682 अरब पाउंड के साथ 65वें स्थान पर हैं और प्रमुख एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल और उनका परिवार पिछले साल की ही तरह 2.6 अरब की अनुमानित संपत्ति के साथ 67वें स्थान पर हैं।

## कनाडा में शवों को नहीं ले रहे लोग, दफनाने में हो रहे हजारों डॉलर खर्च

### – लावारिश शवों की बढ़ रही संख्या, बनाए जा रहे नए स्टोरेज



**ओटावा(एजेंसी)।** कनाडा से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है यहां लावारिश शवों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि उसके लिए सरकार को नई स्टोरेज फैसिलिटी बना पड़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के कई राज्यों में कुछ सालों में लावारिस शवों की संख्या बढ़ती जा रही है और मरने वालों के परिजन उनके शवों को लेने से इनकार कर रहे हैं। इसका कारण अंतिम संस्कार में आने वाले खर्चों में बढ़ोतरी माना जा रहा है। शवों को न लेने का ट्रेंड बढ़ गया है। यहां लावारिश शवों की संख्या को देखते हुए एक प्रांत को नई स्टोरेज फैसिलिटी बनाना पड़ गई। अंतिम संस्कार के लिए रुपए इकट्ठा करने का भी ट्रेंड यहां दिखाई देने लगा है।

उद्योग व्यापार समूह का कहना है कि कनाडा में शव के अंतिम संस्कार का खर्च 1998 में करीब 6000 डॉलर था, जो अब बढ़कर 8,800 डॉलर हो गया है। कनाडा की सबसे घनी आबादी वाला प्रांत ओंटारियो के प्रमुख कोरोनर डिर्क ह्यूयर का कहना है कि ओंटारियो में लावारिस शवों की संख्या 2013 में 242 थी, जो बढ़कर 2023 में 1,183 हो गई। ज्यादातर मामलों में रिश्तेदारों की पहचान कर ली गई थी, लेकिन कई कारणों से शवों पर दावा नहीं करते, जिनमें सबसे आम कारण पैसा होता है।

साल 2022 में कुल लावारिस शवों में से 20 फीसदी को न लेने का कारण पैसा ही था, जो 2023 में 24 फीसदी हो गया। उन्होंने कहा कि यह दुखद है क्योंकि जो व्यक्ति मर चुका है, उसके लिए उसके परिवार का कोई भी सदस्य या दोस्त खड़ा नहीं होता है। आधिकारिक तौर पर 24 घंटे बाद शव को लावारिस मान लिया जाता है। उन्होंने बताया लेकिन परिवार के सदस्यों का पता लगाने में कई सप्ताह लग जाते हैं। अगर रिश्तेदार सूचना मिलने के बाद भी शवों को ले जाने नहीं आते तो नगर पालिका कुछ संस्थाओं के साथ उस शव को साधारण तरीके से दफना देती है।

जब तक शवों को कोई नहीं लेता तब तक उसे तापमान नियंत्रित स्टोरेज फैसिलिटी में रखा जाता है। टोरंटो में फ्यूनरल होम मैकिनॉन और बोवेस चलाने वाले मालिक एलन कोल ने कहा, हमेशा ऐसे परिवार रहे हैं, जिन्हें मदद की जरूरत होती है। लेकिन मैंने अभी की तरह लावारिस शवों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं देखी।

विपक्षी पार्टी के नेता जिम डिन के मुताबिक लोगों को अहसास है कि वे दफनाने का खर्च नहीं उठा सकते। इसके अलावा रिपोर्ट्स कहती हैं कि लोकेशन के हिसाब से महंगी जमीनें भी लोगों के लिए शवों को दफनाने में मुश्किल पैदा करती हैं। ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र में माउंट प्लेजेंट ग्रुप के साथ वयस्क कब्र की औसतन कीमत 2800 डॉलर है। लेकिन मिडटाउन टोरंटो में यह 34000 डॉलर (32 लाख रुपए) हो जाती है। इसके अतिरिक्त कब्र खोदना, फ्यूनरल, कब्र का पत्थर और अन्य वस्तुएं अंतिम संस्कार को और भी खर्चीला बना देती हैं। सरकार की ओर से भी कोई मदद नहीं मिलती है।

## मकड़ियों के लिए जाला एक माइक्रोफोन, वह इसे सुनने के लिए करती हैं इस्तेमाल

### –न्यूयॉर्क की बिंगहैमटन यूनिवर्सिटी में मकड़ी के जाले पर की रिसर्च

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अक्सर आपने घर, गार्डन या जंगल में मकड़ी का जाला देखा होगा। मकड़ी इस जाले का इस्तेमाल अपने शिकार को फंसाने के लिए करती है। जैसे ही कोई छोटा जीव उनके इस जाल में फंसता है, वह उसे अपना निवाला बना लेती हैं। लेकिन अब मकड़ी के जाले का सच सामने आया है, जिसे जानकर आप हैरत में पड़ जाएंगे। न्यूयॉर्क की बिंगहैमटन यूनिवर्सिटी में मकड़ी के जाले पर रिसर्च की है। रिसर्च में बताया कि मकड़ी के लिए उसका ये जाला किसी जासूस से कम नहीं है।

वैज्ञानिकों के मुताबिकको अपनी रिसर्च में पता लगा कि मकड़ियां अपने जाले का इस्तेमाल एक बड़े माइक्रोफोन के तौर पर करती हैं। मकड़ी के जाले का रेशम, बहुत ज्यादा संवेदनशील और लंबी दूरी के शोर का पता लगाने के लिए आवाज वाले इलाकों में कणों की गति के आधार पर काम करता है। इंसानों के कान के पर्दे और पारंपरिक माइक्रोफोन ध्वनि की दबाव तरंगों का पता लगाते हैं, लेकिन मकड़ी के जाले का इस्तेमाल बिल्कुल अलग है। मकड़ी के जाले का रेशम ध्वनि तरंगों की तरफ से धकेले जाने पर वायु कणों के वेग में होने वाले बदलाव का इशारा देते हैं।

वैज्ञानिकों ने बताया कि बहुत ज्यादा संवेदनशीलता और लंबी दूरी की आवाज पहचान के लिए मकड़ी के जाले में अद्भुत क्षमता होती है। इनका जाल आवाज के कण वेग के आधार पर सूचना देता है। ध्वनि सुनने के लिए ज्यादातर कीट अपने बारीक बाल या अपने एंटीना का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, इनके ये अंग उस आवाज के दबाव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते। ये बारीक अंग ध्वनि क्षेत्र में हवा की गति पर प्रतिक्रिया देते हैं। प्रोफेसर रोनाल्ड माइल्स ने बताया कि उन्होंने सोचा कि किसी तरह से एक इंजीनियर्ड डिवाइस बनाई जाए, जो ध्वनि से उठे हवा के वेग पर भी प्रतिक्रिया करने में सक्षम हो। फिर अलग-अलग मानव निर्मित ऐसे फाइबर के जरिए कोशिश की, जो बहुत पतले थे। इस दौरान वह परिसर में घूम रहे थे और उन्होंने हवा में उड़ता हुआ एक मकड़ी का जाला देखा।

माइल्स के मुताबिक उस डिवाइस को बनाने से पहले यह साबित करना था कि मकड़ी के जाले वास्तव में ध्वनि से उठे हवा के वेग पर प्रतिक्रिया करते हैं। इसका टेस्ट करने के लिए प्रयोगशाला की खिड़कियां खोलकर वहां बने मकड़ियों के जाले की जांच की। मकड़ियों के लिए एक हट्र्ज से 50 किलोहट्र्ज तक की आवाज बजाई और लेजर वाइब्रोमीटर से मकड़ी के रेशम की गति को मापा। पता चला कि



रेशम का ध्वनि-प्रेरित वेग उसके आसपास की हवा में उपस्थित कणों के समान ही था और इससे उस सिस्टम का पता चला, जिसका इस्तेमाल मकड़ियां अपने शिकार का पता लगाने के लिए करती हैं।

माइल्स ने आगे कहा कि मकड़ी का रेशम निश्चित तौर पर मकड़ियों द्वारा ही बनाया जाता है, इसलिए इसे हर साल बनने वाले अरबों माइक्रोफोनों में शामिल करना संभव नहीं है। हालांकि ये इस बारे में बहुत कुछ सिखाता है कि माइक्रोफोन में कौन से यांत्रिक गुण जरूरी हैं और यह पूरी तरह से हमारे नए डिजाइनों को सपोर्ट कर सकता है।

# आईपीएल के पहले क्वालीफायर में आज होगा केकेआर और सनराइजर्स में मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को कप्तान श्रेयस अय्यर की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। ये मुकाबला बेहतर रोमांचक होना तय है क्योंकि केकेआर जहां लगातार जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर रही है। वहीं सनराइजर्स ने लीग मुकाबलों में तूफानी बल्लेबाजी से विरोधी टीमों पर दबाव बनाया है। केकेआर जहां सबसे पहले प्लेआफ में पहुंची। वहीं सनराइजर्स ने अंतिम लीग मैच में जीत के साथ यहां तक का सफर तय किया है। इस सत्र में पिछले मैच में केकेआर ने सनराइजर्स को चार रन से हराया था। इससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

इन दोनो ही टीमों का लक्ष्य क्वालीफायर मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। दोनो ही टीमों के पास काफी अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं पर प्लेऑफ से पहले मैदान पर अभ्यास का अधिक अवसर नहीं मिलने से भी टीम को परेशानी होगी। लंबा सफर तय कर पहुंची इन दोनो ही टीमों केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिए अधिक समय नहीं मिला है।

सनराइजर्स ने हालांकि पूरा मैच खेलकर पंजाब को हराया पर केकेआर और राजस्थान रॉयल्स का मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था। केकेआर ने अपना पिछला पूरा मैच 11 मई को खेला था। बारिश की बाधा से पहले केकेआर ने लगातार चार मैच जीते थे वहीं पिछले दो मैच बारिश के कारण नहीं हो पाये थे। वहीं शीर्ष पर कायम केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट की कमी खलेगी। साल्ट ने इस सत्र में जमकर रन बनाये हैं पर टी20 विश्व कप को देखते हुए वह इंग्लैंड लौट गए हैं। साल्ट और सुनील नारायण ने केकेआर को इस सत्र में अच्छी शुरुआत की है।

मध्यक्रम में केकेआर की परेशानी कप्तान अय्यर का लय में नहीं होना है हालांकि अन्य खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन से टीम को परेशानी नहीं हुई। रॉयल्स के खिलाफ मैच में बारिश होने से साल्ट की जगह टीम में आये रहमानुल्लाह गुरबाज को भी अभ्यास का अवसर नहीं मिल सका जिससे भी उनका




प्रदर्शन प्रभावित होगा। केकेआर को नीतिश राणा और आंद्रे रसेल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं सनराइजर्स की ताकत उसकी बल्लेबाजी है। उसके पास ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा जैसे तूफानी सलामी बल्लेबाज हैं। दोनों ने इस सत्र में अब तक 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अब तक एक शतक तथा चार अर्धशतक लगाये हैं। इसके अलावा टीम के पास अभिषेक जैसे बल्लेबाज है। जिससे अभी तक रिकार्ड 41 छक्के लगाये हैं।

सनराइजर्स के पास तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी जैसा भरोसेमंद बल्लेबाज है। इसके अलावा हेनरिच क्लासेन भी फॉर्म में आ गये हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो अहमदाबाद में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को अधिक सफलता मिलती रही है। इसमें छह में से चार बाद लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम सफल रही है। वहीं केकेआर के पास मिचेल स्टार्क जैसा शीर्ष स्तर का तेज गेंदबाजों के साथ बेहतरीन स्पिनर हैं तो सनराइजर्स की गेंदबाजी की अगुवाई कप्तान पैट कमिंस कर रहे हैं।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद** = पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेट कीपर), अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, संवीर सिंह, भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे।

**कोलकाता नाइट राइडर्स** = श्रेयस अय्यर (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेट कीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, नितीश राणा, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

# मलेशिया मास्टर्स में खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी पीवी सिंधू



**कुआलालम्पुर (एजेंसी)।** ब्रेक से लौटी पी वी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले यहां मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज करके अपना मनोबल ऊंचा करने के इरादे से उतरेगी। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया।

अब वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन करने का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है। ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी सिंधू का रिटर्न पहले की तरह नहीं रहा है और कई करीबी मुकाबले वह हार गई हैं। वह छह प्रतिस्पर्धाओं में से दो में ही क्वार्टर फाइनल तक पहुंच सकी हैं।

पिछली बार वह 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीती थी। पहले दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से होगा। इस टूर्नामेंट में एंग सि यंग, चेन यू फेइ, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसे सितारे भाग नहीं ले रहे हैं। सिंधू का सामना युवा खिलाड़ियों से होगा जो पहले भी उन्हें परेशान कर चुके हैं। अष्मिता चालिहा, आकृषि कश्यप और मालविका बंसोड भी अच्छे नतीजे देना चाहेंगी।

पुरूष वर्ग में किरण जॉर्ज अकेले भारतीय हैं जो जापान के ताकुमा ओबायाशी से पहला मैच खेलेंगे। थाईलैंड ओपन चैम्पियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। पुरूष युगल में कृष्णा प्रसाद गारागा और साई प्रतीक के की जोड़ी उतरेगी। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी के अलावा सतीश कुमार के और आद्या वरियाथ खेलेंगे।

# बारिश के कारण क्वालीफायर मुकाबला नहीं हुआ तो भी फाइनल में पहुंचेगी केकेआर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले आईपीएल क्वालिफायर मुकाबले में बारिश होती है तो भी केकेआर बिना खेले ही फाइनल में पहुंच सकती है। इसका कारण है कि केकेआर अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए प्लेऑफ में पहुंची है जबकि राजस्थान की टीम तीसरे नंबर पर फिसल गयी है। सनराइजर्स को दूसरा स्थान मिला है जबकि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) चौथे नंबर पर रहते हुए प्लेऑफ में पहुंची है। लीग मैच में जिस प्रकार बारिश हुई हैं। उससे क्वालिफायर मुकाबलों पर भी बारिश का साया मंडराने लगा है। अगर ऐसा हुआ तो मुकाबले को कम से कम 5-5 ओवर का कर देंगे। अगर ऐसा संभव नहीं हो पाया तो परिणाम सुपर ओवर के जरिए निकलेगा। वहीं बारिश के कारण अगर सुपर ओवर भी नहीं हो पाता है तो अंक तालिका में फाइनल में पहुंचने का फैसला अंक तालिका के आधार पर है। इसमें केकेआर शीर्ष पर होने के कारण फाइनल में पहुंच जाएगी। आईपीएल में लीग मैच के बाद अंक तालिका में शीर्ष दो पर रहने वाली टीमों के बीच ही क्वालीफायर मुकाबला खेला जाता है। इसमें जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है जबकि हारने वाली टीम को तीसरे और चौथे नंबर की टीम के विजेता से खेलने का अवसर मिलता है।

# रोहित शर्मा और स्टार स्पोर्ट्स विवाद, आईपीएल ब्रॉडकास्टर ने जारी किया बयान

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने सोमवार को रोहित शर्मा से जुड़ी किसी भी निजी बातचीत के ऑडियो को प्रसारित करने से इनकार किया है। रविवार को भारतीय कप्तान ने चैनल पर रिकॉर्डिंग बंद करने के उनके अनुरोध के बावजूद उनकी गोपनीयता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। रोहित शर्मा का आईपीएल मैच से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के अभिषेक नायर के साथ बातचीत का एक वीडियो क्लिप वायरल हो गया था। इसके बाद लखनऊ के खिलाफ उन्होंने प्रैक्टिस के दौरान रिकॉर्ड किए जा रहे ऑडियो को ब्रॉडकास्टर्स से बंद करने के लिए कहा था। इसके बाद रविवार को उन्होंने चैनल पर निजी बातचीत को प्रसारित कनरे का आरोप लगाया था। रोहित शर्मा ने ट्वीट कर कहा था कि, क्रिकेटरों की



जिंदगी इतनी दखलंदाजी वाली हो गई है कि कैमरे अब हमारे हर कदम और बातचीत को रिकॉर्ड कर रहे हैं जो हम अपने दोस्तों और सहकर्मियों के साथ, ट्रेनिंग के दौरान या मैच के दिनों में अकेले में कर रहे हैं। वहीं जवाब में चैनल ने एक बयान जारी कर रोहित शर्मा के आरोप से इनकार किया है। दरअसल, चैनल ने कहा कि, ये क्लिप 16 मई को वानखेड़े स्टेडियम में एक ट्रेनिंग सत्र के दौरान ली गई थी, जदिसके लिए स्टार स्पोर्ट्स को अधिकृत पहुंच प्राप्त थी, जिसमें वरिष्ठ खिलाड़ी को अपने दोस्तों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया था। इस बातचीत का कोई ऑडियो न तो रिकॉर्ड किया गया था और ना ही प्रसारित किया गया था। चैनल ने आगे कहा कि, वह क्लिप, जिसमें केवल वरिष्ठ खिलाड़ी को अपनी बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड न करने का अनुरोध करते हुए दिखाया गया था, स्टार स्पोर्ट्स की प्री-मैच तैयारियों के लाइव कवरेज में दिखाया गया था और इसके अलावा संपादकीय प्रासंगिकता का अभाव था।

# दीप्ति ने विश्व पैरा चैम्पियनशिप में 400 मीटर टी20 में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

कोबे (जापान) = भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी। टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए है। योगेश कथुनिया ने पुरूषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिए हैं।




# टी20 विश्व कप में आईपीएल की तरह बड़े स्कोर नहीं बनेंगे : शिखर




मुंबई। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि टी20 विश्वकप में आईपीएल की तरह बड़े स्कोर नहीं बनेंगे क्योंकि इसमें 'इम्पैक्ट प्लेयर का नियम नहीं है। 'इम्पैक्ट प्लेयर नियम होने से दोनो ही टीमों के पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज या एक गेंदबाज खिलाने का अधिकार होता है। ऐसे में कई टीमें आईपीएल में बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहीं। इससे आईपीएल में 8 बार 250 से ज्यादा रन बने। 'इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर कई दिग्गजों ने सवाल उठाते हुए कहा था कि इससे गेंद और बल्ले में संतुलन बिगड़ा है। इसके साथ ही खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुकता जा रहा है। धवन ने कहा कि मुझे लगता है इस नियम के आने के बाद खेल काफी बदल गया है और अब 250 रन से अधिक बन रहे हैं। ऐसे में विश्व कप से पहले टीम को अपनी मानसिकता बदलनी होगी क्योंकि वहां 'इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होगा और इसका असर खेल पर दिखेगा। इससे खेल में अंतर पैदा होगा। इसलिए सबसे अहम हमें हालातों से तालमेल बैठाना सीखना होगा। धवन ने कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम आने के आने के बाद से ही हमारी सोच बदल गई है। मध्यक्रम के बल्लेबाज के दिमाग में रहता है कि आठवें और नौंवे नंबर तक बल्लेबाजी हैं। ऐसे में दबाव के बिना ही वह आक्रामक रुख अपनाते हैं। इसी कारण बड़े स्कोर बनते है पर विश्वकप में हालात अलग तरीके के होंगे।

# टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे ये दो आक्रामक बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली = आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। 22 वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है।

अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के लिए डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं। बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, 'ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जायेंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं।' ऑस्ट्रेलियाई टीम बृहस्पतिवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी। उसे त्रिनिदाद में 28 और 30 मई को नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं। हेड, कैमरन ग्रीन, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल प्लेऑफ खेलने के बाद टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया को पांच जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ पहला मैच खेलना है।



# पूर्व क्रिकेटर कैफ को इन टीमों के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद


मुम्बइ। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में भारत, न्यूजीलैंड और मेजबान वेस्टइंडीज के अलावा ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान में से कोई एक टीम अंतिम चार में पहुंचेगी। टी20 विश्व कप के लिए भारत और पाक को के ग्रुप ए में रखा गया है और दोनों ही टीमों के बीच 9 जून को न्यूयॉर्क में आमने-सामने होंगे। यह टूर्नामेंट का सबसे महत्वपूर्ण मुकाबला भी है। 138 आधिकारिक मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कैफ का कहना है कि उन्हें वेस्टइंडीज में चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच फाइनल दिख रहा है। कैफ ने कहा कि किसी तरह न्यूजीलैंड ने शीर्ष 4 में जगह बना ली है, आईसीसी आयोजनों में आप उन्हें ख़ारिज नहीं कर सकते इसलिए न्यूजीलैंड को जोड़ें। मुझे लगता है कि वेस्ट इंडीज चूंकि अपने घर में खेल रही है इसलिए घरेलू मैदान पर वह एक खतरनाक टीम हो सकती है। मुझे नहीं पता कि शायद ऑस्ट्रेलिया या पाकिस्तान में से कोई एक आ सकता है। अगर पाकिस्तान के साथ फाइनल आता है तो अच्छा है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप में एक साथ कुल सात मैच खेले हैं जहां टीम इंडिया 6 बार विजयी हुई है। पाकिस्तान को एकमात्र जीत 2021 में मिली थी। बहरहाल, कैफ का मानना है कि भारत के पास 2022 के मुकाबले बेहतर टीम है। कैफ ने कहा कि पिछली बार की तुलना में हमारे पास काफी बेहतर गेंदबाजी आक्रमण है, हमारे पास चहल थे लेकिन हम उन्हें पहले एकादश में नहीं खिला सके। इस साल हमारे पास कुलदीप यादव हैं, हमारे पास अक्षर पटेल, जडेजा हैं, अच्छे स्पिनर हैं। सभी अनुभवी और विकेट लेने वाले खिलाड़ी अपने दिन पर खेल बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह पिछले साल नहीं खेले थे, वह खेलेंगे, मुझे लगता है कि वह इस विश्व कप में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने जा रहे हैं।



# हरभजन चाहते हैं टी20 विश्वकप में रोहित और यशस्वी करें पारी की शुरुआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा को भारत के लिए पारी की शुरुआत करनी चाहिए जबकि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को तीसरे नंबर पर आना चाहिए। हरभजन ने कहा कि शीर्ष स्तर पर बाएं-दाएं संयोजन ठीक रहेगा। यदि 6 से 7 ओवर खेले जाते हैं और ऐसे में यदि हमारे पास शिवम दुबे जैसा खिलाड़ी है, तो वह नंबर 3 पर आ सकता है। इसलिए विराट 4 नंबर पर उतरें। साथ ही कहा कि कोहली एक महान खिलाड़ी हैं, वह किसी भी नंबर पर खेल सकते हैं पर टीम हित पहले आता है। वह भी इस बात से ही सहमत होंगे।

यशस्वी और रोहित की जोड़ी टेस्ट में बेहद सफल रही है हालांकि इस आईपीएल में ये दोनो ही कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। रोहित के साथ ओपनर के तौर पर विराट कोहली भी एक विकल्प हो सकते हैं। विराट आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ओपनिंग करते हुए शानदार खेल दिखाते हुए 700 से अधिक रन बनाये हैं। इसमें एक शतक भी शामिल है। हालांकि, विराट टीम इंडिया के लिए लंबे समय से नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए आए हैं। भारतीय टीम पिछले एक दशक से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पायी है और ऐसे में उसका लक्ष्य इस बार जीत दर्ज करना रहेगा। इसको देखते हुए शायद ही बल्लेबाजी क्रम में बदलाव का जोखित लिया जाये।



# भारतीय फुटबॉल टीम कुवैत और कतर से खेलेगी क्वालीफायर मुकाबले

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम जून में कुवैत और कतर के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर मुकाबलों में उतरेगी। इसके लिए आजकल टीम अभ्यास शिविर में अपनी कमजोरियों को दूर करने में लगी है। भारतीय टीम का लक्ष्य इसमें पिछले महीने गुवाहाटी में अफगानिस्तान से मिली 1-2 की हार से उबरना और अपनी गलतियों को सुधारना भी होगा। भारतीय टीम छह जून को साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाले मैच के लिए दो जून को कोलकाता जाएगी। भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा, ''कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले टीम दो जून को कोलकाता जाएगी। भारतीय टीम चार मैचों के बाद अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। वहीं छह मैचों के बाद दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी। कुवैत का सामना करने के बाद भारतीय टीम 11 जून को ग्रुप चरण के अंतिम मैच के लिए कतर जाएगी। एआईएफएफ को उम्मीद है कि भारतीय टीम क्वालीफायर मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# आईपीएल से संन्यास पर अंतिम फैसले से पहले कुछ महीनों तक इंतजार करेंगे धोनी !

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स की हार के बाद के बाद से ही अटकलें लगायी जा रही हैं कि अब टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने संन्यास का फैसला टाल दिया है। आईपीएल 2024 में अंतिम लीग मुकाबले में धोनी ने टीम को जीत दिलाने के काफी प्रयास किये थे पर वह सफल नहीं हुए। इससे चेन्नई प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई इस तरह धोनी चेपॉक में अपना आखिरी आईपीएल मैच खेलने के वादे को पूरा नहीं कर सके। इस हार के बाद धोनी आईपीएल छोड़कर अपने घर के लिए रवाना होने वाले पहले क्रिकेटर थे। वैसे सीएसके खेमे में यह भी कहा जा रहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार शायद धोनी की आखिरी हार नहीं होगी। धोनी ने सीएसके में किसी को नहीं बताया है कि वह आईपीएल छोड़ रहे हैं। उन्होंने प्रबंधन से कहा है कि वह संन्यास पर अंतिम फैसला लेने से पहले कुछ महीनों तक इंतजार करेंगे।

वहीं सीएसके प्रबंधन को उम्मीद है कि धोनी एक और आईपीएल खेल सकते है। इसके पीछे बड़ी वजह धोनी की अच्छी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग फॉर्म है। अंतिम लीग में उन्होंने 200 के करीब की स्ट्राइक-रेट से 25 रन बनाए। धोनी ने चार ओवर तक बल्लेबाजी की और विकेटों के बीच दौड़ने में सहज थे। धोनी जिस फटी हुई पिंडली के साथ खेल रहे थे, वो इंजरी भी धीरे-धीरे ठीक हो रही थी। विकेटों के बीच दौड़ने में उन्हें कोई असुविधा भी नहीं हो रही थी। अब अगले साल होने वाली मेगा नीलामी में टीम अधिकतम पांच खिलाड़ियों को ही बरकरार रख सकती है। ऐसे में सीएसके रुतुराज गायकवाड़, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे और मथीशा पथिराना को रिटेन करेगी। वहीं धोनी नीलामी में जाकर बेहद महंगे बिकने की बजाय सबसे कम फीस स्लॉट में बरकरार रह सकते हैं। वह चेन्नई के लिए इम्पैक्ट खिलाड़ी की भूमिका भी निभा सकते हैं। अब देखना होगा कि क्या बीसीसीआई अगले आईपीएल के लिए इम्पैक्ट सब नियम को बनाये रखती है या समाप्त कर देती है। यह नियम धोनी को आखिरी दो ओवरों के लिए खुद को बचाए रखते हुए एक्स्ट्रा बल्लेबाज खिलाने में मदद करता है।



# पोंटिंग के पास हैं एक हजार बल्ले

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने अब तक जिस बल्ले से भी शतक लगाया था। उसे अपने पास संभाल के रखा है। यहां तक कि उन्होंने उस पर विरोधी टीम का नाम और स्कोर भी लिखा हुआ है। उन्होंने कहा कि मैंने वह पहला बल्ला भी संभाल के रखा है जिससे मैंने पहला शतक लगाया था। इस पर स्टीकर भी लगे हुए हैं। मेरे घर पर करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैंने अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया था, वह मेरे पास है। इस पर मैंने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम तक लिखा है। इस पूर्व कप्तान ने भारतीय टीम के खिलाफ साल 2003 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में नाबाद 140 रन बनाये थे।

# अमेरिका में भारत से 100 गुना ज्यादा एयरपोर्ट

नई दिल्ली। पिछले दस साल में देश में एयरपोर्ट्स की संख्या लगभग दोगुना हो चुकी है। लेकिन भारत को एविएशन इंडस्ट्री को अभी लंबा रास्ता तय करना है। ये दि भारत की तुलना अमे रिका से की जाए तो अमेरिका में 14,000 से अधिक एयरपोर्ट्स हैं जबकि भारत में यह संख्या अभी करीब 150 है। यह स्थिति भी तब है जब सरकार ने दिश में एयर ट्रैवल का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए पूरा जोर लगा रखा है। भारत की आबादी 1.4 अरब है और हमारे पास 500 विमान हैं। दूसरी ओर अमेरिका की आबादी करीब 33 करोड़ है। अमेरिका की एक एयरलाइन साउथवेस्ट एयरलाइन के पास 1000 से अधिक विमान हैं जबकि यह अमेरिका की सबसे बड़ी एयरलाइन नहीं है। अगर हमें अमेरिका की एक एयरलाइन के साथ मुकाबला करना है तो विमानों की संख्या दोगुना करनी होगी। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो है। यह रोजाना 1,800 से अधिक उड़ाने संचालित करती है। देश के घरेलू बाजार में इसकी 58 फीसदी हिस्सेदारी है। लेकिन दुनिया में रोजाना उड़ान संख्या के हिसाब से देखें तो इंडिगो आठवें नंबर पर है। दुनिया की सबसे बिजी एयरलाइंस में से चार अमेरिका की हैं। टॉप 10 की बात करें तो इसमें चीन की तीन एयरलाइन कंपनियां शामिल हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर अमेरिकन एयरलाइन है जो रोजाना 5,483 उड़ानें संचालित करती है। दूसरे नंबर पर यह कंपनी रोजाना 4,629 उड़ानें संचालित करती है। तीसरे नंबर पर अमेरिका की ही यूनाइटेड एयरलाइंस रोजाना 4,213 ऑपरेट करती है। अमेरिका की साउथवेस्ट एयरलाइंस रोजाना 4,080 उड़ानें संचालित करती हैं जो इंडिगो से करीब ढाई गुना ज्यादा है।



# ट्विटर डॉट कॉम हो गया अब एक्स डॉट कॉम

## एलन मस्क ने खुद इस बारे में दी जानकारी

नई दिल्ली। साल 2022 में एलन मस्क द्वारा खरीदे गए सोशल मीडिया प्लेटफार्म को पूरी तरह बदल डाला है। बहुत सारे फीचर तो पहले ही बदल गए थे, एक डोमेन का नाम ही बचा था, उसे भी अब बदल दिया गया है। कंपनी के मालिक एलन मस्क ने खुद इस बारे में लोगों को जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अब सभी कोर सिस्टम एक्स डॉट कॉम पर हैं। एक और जानकारी ये है कि एक्स के लॉगिन पेज के नीचे अब एक मैसेज भी दिखाई दे रहा है जिसमें लिखा है, 'हम आपको बता रहे हैं कि हम अपना यूआरएल बदल रहे हैं, लेकिन आपकी प्राइवेसी और डेटा प्रोटेक्शन सेटिंग्स वही रहेंगी।'गौरतलब है कि एलन मस्क ने अक्टूबर 2022 में माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर को खरीदा था। उन्होंने इसे खरीदने के लिए 44 बिलियन डॉलर दिए थे। एलन मस्क ने जैसे कि ट्विटर को टेकओवर किया, उसी समय से प्लेटफॉर्म में काफी बदलाव किए जा चुके हैं।पहले ब्लू टिक फ्री में मिलता था, मगर एलन मस्क ने उसे पेड कर दिया। यदि आप लैपटॉप या कंप्यूटर यूजर हैं तो ब्लू सब्सक्रिप्शन 650 रुपये महीने में मिलेगा। अब पोस्ट पढ़ने की लिमिट भी लगा दी गई है। एक सामान्य यूजर एक दिन में केवल एक हजार पोस्ट ही देख सकता है। पेड सब्सक्रिप्शन लेने वाले एक दिन में 10 हजार पोस्ट पढ़ सकते हैं।मोबाइल के लिए सब्सक्रिप्शन चार्ज 900 रुपये है। पहले बिना की सब्सक्रिप्शन के यूजर ट्वीट को एडिट कर सकते थे, मगर अब नहीं कर सकते।

# हिंदुजा एक बार फिर ब्रिटेन के सबसे अमीर व्यक्ति बने

## - 48 देशों में फैला है कारोबार

नई दिल्ली। हिंदुजा ग्रुप के भारतीय मूल के चेयरमैन गोपीचंद हिंदुजा एक बार फिर ब्रिटेन के सबसे अमीर व्यक्ति बने हैं। यह लगातार छठा मौका है जब हिंदुजा परिवार ने बाजी मारी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक हिंदुजा परिवार की नेटवर्थ 37.196 अरब पाउंड है। पिछले एक साल के दौरान इस परिवार की नेटवर्थ में 2.196 अरब पाउंड का इजाफा हुआ है। दोस्तों के बीच जीपी के नाम से मशहूर गोपीचंद हिंदुजा का जन्म 1940 में भारत में हुआ था और वह हिंदुजा ऑटोमोटिव लिमिटेड के मुखिया है। पिछले साल बड़े भाई श्रीचंद हिंदुजा की मौत के बाद वह हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन बने थे। गोपीचंद ने मुंबई के जैन हिंद कॉलेज से 1959 में ग्रेजुएशन किया। हिंदुजा परिवार की नींव परमानंद हिंदुजा ने 1914 में रखी थी। लेकिन गोपीचंद और उनके भाइयों ने इसे ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज इस ग्रुप का कारोबार ऑटो, आईटी, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ऑयल एंड स्पेशिएल्टी केमिकल्स, बैंकिंग एंड फाइनेंस, पावर जेनरेशन, रियल एस्टेट, हेल्थकेयर सहित कई सेक्टर्स में फैला है। इसी ग्रुप ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई है। हिंदुजा ग्रुप की स्थापना सिंध के शिकारपुर शहर के रहने वाले युवा उद्यमी परमानंद दीपचंद हिंदुजा ने 1914 में की थी। 1919 में कंपनी ने ईरान में अपना ऑफिस खोला। इसके बाद अगले 60 साल तक ईरान ही इस कंपनी का हेडक्वार्टर रहा। लेकिन 1979 में इस्लामिक क्रांति के कारण ईरान के शाह का पतन हो गया। इस उथलपुथल के बीच हिंदुजा ग्रुप ने अपना हेडक्वार्टर ईरान से बाहर ले जाने का फैसला किया। ग्रुप का अगला ठिकाना था ब्रिटेन की राजधानी लंदन। इस ग्रुप की शुरुआत मर्चेंट बैंकिंग और ट्रेड से हुई थी। आज हिंदुजा ग्रुप का कारोबार 48 देशों में फैला है और इसमें 150,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। भारत में इस ग्रुप की छह लिस्टेड कंपनियां हैं। इनमें ऑटो कंपनी अशोक लीलैंड्स और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। साल 1971 में परमानंद दीपचंद के निधन के बाद उनके चार बेटों ने हिंदुजा ग्रुप के कारोबार को पूरी दुनिया में फैलाया। हिंदुजा भाइयों में श्रीचंद पी हिंदुजा सबसे बड़े थे जिनका पिछले साल 87 साल की उम्र में निधन हो गया।

# टाटा मोटर्स नए प्रोडक्ट्स और टेक्नोलॉजी पर करेगी बड़ा निवेश




नई दिल्ली। टाटा मोटर्स नए प्रोडक्ट्स और टेक्नोलॉजी पर बड़ा निवेश करने पर विचार कर रही है। कंपनी अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 में नई गाड़ियों और टेक्नोलॉजी पर 43,000 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। ये राशि पिछले साल के 41,200 करोड़ रुपये से थोड़ी ज्यादा है। इस राशि का ज्यादातर हिस्सा, करीब 35,000 करोड़ रुपये, टाटा मोटर्स की ब्रिटिश कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) पर खर्च किया जाएगा। पिछले साल जेएलआर पर 33,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। टाटा मोटर्स ग्रुप ने नए उत्पादों और प्रौद्योगिकी पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निवेश लक्ष्य को बढ़ाया है। इस निवेश में सबसे अधिक हिस्सा समूह की ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को होगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीते वित्त वर्ष 2023-24 में टाटा मोटर्स समूह ने जेएलआर के लिए तीन अरब पाउंड (लगभग 30,000 करोड़ रुपये) और टाटा मोटर्स के लिए 8,000 करोड़ रुपये का निवेश तय किया था। इस तरह यह कुल मिलाकर यह 38,000 करोड़ रुपये होता है। टाटा मोटर्स समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीते वित्त वर्ष में जेएलआर का निवेश 33,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि टाटा मोटर्स का निवेश 8,200 करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस तरह बीते वित्त वर्ष में समूह का कुल निवेश 41,200 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष की बात करें, तो जेएलआर के लिए निवेश 35,000 करोड़ रुपये रहेगा। इसकी वजह यह है कि हम कई उत्पादों के लिए योजनाएं लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स के लिए हमारा निवेश 8,000 करोड़ रुपये के दायरे में रहेगा।

# म्युचुअल फंड ने इस साल शेयरों में 1.3 लाख करोड़ का निवेश किया

नई दिल्ली। म्युचुअल फंड उद्योग (एमएफ) ने इस साल भारतीय शेयरों में लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया। यह वृद्धि मुख्य रूप से खुदरा निवेशकों के बढ़े हुए भरोसे और शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन के चलते हुई। ट्रेडजिनी के एक वरि ष्ठ अधिकारी ने कहा कि म्यूचुअल फंड भारतीय बाजार की अंतर्निहित वृद्धि क्षमता को प्राथमिकता देते हैं और चुनाव जैसी अल्पकालिक घटनाओं से कम प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावशाली लोगों और उद्योग के दिग्गजों के आश्चर्यजनक उदाहरणों के कारण व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ऐसे निवेशक, जो आमतौर पर बाजारों से दूर रहना चाहते हैं, उन्होंने म्यूचुअल फंड के जरिये निवेश करना शुरू किया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार, चालू महीने के पहले पखवाड़े में म्यूचुअल फंड ने 26,038 करोड़ रुपये और अप्रैल में 20,155 करोड़ रुपये का निवेश किया। म्यूचुअल फंड ने 2024 में सबसे अधिक खरीदारी मार्च में की और इस दौरान शुद्ध निवेश 44,233 करोड़ रुपये रहा। उन्होंने फरवरी में 14,295 करोड़ रुपये और जनवरी में 23,010 करोड़ रुपये का निवेश किया। आंकड़ों के मुताबिक इक्विटी में म्यूचुअल फंड का निवेश 2024 में (16 मई तक) लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।




# पीएनबी हाउसिंग को ऋण में 17 फीसदी वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस को उम्मीद है कि शाखा नेटवर्क में वृद्धि और किफायती आवास ऋण को बढ़ावा देने के चलते चालू वित्त वर्ष के दौरान उसकी ऋण वृद्धि 17 प्रतिशत रहेगी। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कंपनी के पास इस उच्च वृद्धि को बनाए रखने के लिए पर्याप्त पूंजी है। उन्होंने कहा कि अगले 2-3 साल के लिए हमें पूंजी की जरूरत नहीं है, क्योंकि हमने पिछले साल ही राइट इश्यू के जरिए पूंजी जुटाई थी। कंपनी ने पिछले साल राइट इश्यू से करीब 2,500 करोड़ रुपये जुटाए थे। उन्होंने कहा कि पीएनबी हाउसिंग का ऋण पोर्टफोलियो बीते वित्त वर्ष के दौरान 63,000 करोड़ रुपये था और इसे इस साल 17 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।




# फिजी में स्टारलिंक की इंटरनेट सेवा शुरूः एलन मस्क

वाशिंगटन। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि स्टारलिंक की इंटरनेट सेवाएं अब फिजी में भी शुरू हो गई हैं। एक दिन पहले ही स्टारलिंक की ओर से इंडोनेशिया में इंटरनेट सेवाएं शुरू की गई थीं। मस्क ने इस मौके पर कहा कि दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की सेवाएं पहुंचने से शिक्षा और आर्थिक अवसर बढ़ेंगे। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, स्टारलिंक की सेवाएं अब फिजी में मौजूद हैं। स्टारलिंक हाई-स्पीड इंटरनेट सर्विस फिजी के 300 से ज्यादा आईलैंड पर उपलब्ध है। फिजी 99 वां देश है, जहां स्टारलिंक की इंटरनेट सेवाएं शुरू हुई हैं। बीते रविवार को मस्क की ओर से इंडोनेशिया में स्टारलिंक की इंटरनेट सेवाओं को लॉन्च किया गया था। मस्क ने इस दौरान कहा कि अब पूरे देश में इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध है। इससे शुरू होने से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने में आसानी होगी और इंडोनेशिया का तेजी से विकास होगा। इंडोनेशिया में मस्क ने 10वीं वर्ल्ड वाटर फोरम में भी हिस्सा लिया। साथ ही श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और स्टारलिंक की सेवाएं श्रीलंका में शुरू करने को लेकर चर्चा की।

# योटा डेटा सर्विस ने अनिल पवार को मुख्य एआई अधिकारी बनाया

मुंबई। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सर्विसेज उपलब्ध कराने वाली कंपनी योटा डेटा सर्विस ने सोमवार को अनिल पवार को मुख्य एआई अधिकारी और एआई क्लाउड बिजनेस के प्रमुख के पद पर नियुक्त किया। पवार शक्ति क्लाउड बिजनेस यूनिट के तहत एआई-एस-ए-सर्विस (एआईएएएस), एआई प्लेटफॉर्म -एस-ए-सर्विस (एआईपीएएस), एआई सॉफ्टवेयर-एस-ए-सर्विस (एआईएसएएएस) और लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) का कार्यभार संभालेंगे। पवार ने कहा कि मैं अत्याधुनिक समाधान देने और शक्ति एआई क्लाउड बिजनेस यूनिट में विकास को बढ़ावा देने के लिए योटा की प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं, साथ ही स्थानीय स्तर पर योटा के इंजीनियरों की मदद करने और वैश्विक स्तर पर डिलीवरी करने के लिए तत्पर हूं। एनवीडिया के एच100 टेनसॉर कोर जीपीयू से युक्त शक्ति क्लाउड, भारत का सबसे तेज और बड़ा एआई-एचपीसी सुपर कंप्यूटर है। योटा, रियल एस्टेट ग्रुप हीरानंदानी का हिस्सा है। यह पनवेल (नवी मुंबई) और ग्रेटर नोएडा (दिल्ली एनसीआर) में हायपर स्केल डेटा सेंटर पार्क चलाता है।

# हिंदुस्तान जिंक ने पिछले 50 दिन में 100 फीसदी दिया मल्टीबैगर रिटर्न

मुंबई। वेदांता समूह की मेटल कंपनी हिंदुस्तान जिंक के शेयर जोरदार मल्टीबैगर रिटर्न दे रहे हैं। शनिवार के विशेष कारोबारी सत्र में इसके शेयर में 6.24 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। विशेष कारोबारी सत्र में इसके शेयर 619.70 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। उम्मीद यह भी की जा रही है कि मंगलवार को बाजार खुलने के बाद इनमें तेजी बरकरार रह सकती है। खास बात यह है कि हिंदुस्तान जिंक का शेयर पिछले 50 दिनों में 100 फीसदी से भी अधिक मल्टीबैगर रिटर्न दे चुका है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार करीब 2,52,124 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण वाली मेटल कंपनी हिंदुस्तान जिंक के शेयर ने 52 सप्ताह में अपना नया रिकॉर्ड बरकरार रखा है। इसके पीछे मुख्य कारण चौथी तिमाही के नतीजे, कंपनी का मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और रिकॉर्ड उत्पादन के आंकड़े हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2023 को समाप्त हुई वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में हिंदुस्तान जिंक का राजस्व 7,067 करोड़ रुपये से करीब 3 फीसदी बढ़कर 7,285 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसके अलावा, तीसरी तिमाही में ही कंपनी का शुद्ध लाभ में 1 फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान इसका मुनाफा 2,028 करोड़ रुपये से बढ़कर 2038 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि हिंदुस्तान जिंक ने तीसरी तिमाही में रिफाइन मेटल का रिकॉर्ड 273 किलोटन का उत्पादन किया है। यह पिछली तिमाही के आधार पर 6 फीसदी और सालाना आधार पर 1 फीसदी अधिक है।

# 4 जून के बाद तेजी से दौड़ेंगे शेयर बाजारः पीएम मोदी

## - पूरे हफ्ते ट्रेडिंग करने वाले थक जाएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 4 जून को चुनाव के परिणाम आने के बाद घरेलू शेयर बाजार तेजी के साथ कारोबार करेंगे। उन्होंने एक टेलीविजन चैनल पर साक्षात्कार में यह भरोसा जताया। मोदी ने कहा कि जिस दिन चुनाव के नतीजे आएंगे, उस दिन और उस पूरे हफ्ते ट्रेडिंग करने वाले थक जाएंगे। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि मौजूदा सरकार की प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी का भरोसा जताने के बावजूद बाजार चुनावी नतीजों के बारे में घबरा तो नहीं रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सबसे ज्यादा आर्थिक सुधार किए हैं और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने वाली आर्थिक नीतियां लागू की हैं। हमारी सरकार आई तो सेंसेक्स 25,000 अंकों पर था और आज यह 75,000 अंक तक पहुंच गया है। आम आदमी शेयर बाजारों में जितना ज्यादा निवेश करेगा, अर्थव्यवस्था के लिए उतना अच्छा रहेगा। हर नागरिक की जोखिम लेने की भूख भी बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों के शेयर भी आजकल दौड़ रहे हैं। विश्लेषकों ने कहा कि प्रधानमंत्री का बयान भरोसा दिलाता है कि यही गठबंधन सत्ता में रहेगा। उन्होंने कहा कि बाजार तब तक ज्यादा नहीं बढ़ेंगे, जब तक उन्हें हरकत में लाने वाली कोई घोषणा नहीं की जाती। अल्फानीति फिनटेक के एक वरि ष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह बयान बाजार के बारे में नहीं है। यह तगड़े बहुमत के साथ सत्ता में वापसी के सत्तारूढ़ पार्टी के भरोसे को ज्यादा बयान करता है। बाजार किसी भी राजनीतिक बयान पर तब तक गंभीर नहीं होते, जब तक उसके साथ किसी क्षेत्र के लिए कोई नीति लागू नहीं की जाती या रकम आवंटित नहीं की जाती। मोदी का शेयर बाजार में तेजी का यह दावा बाजार में स्थिरता के संबंध में सरकार के तीन वरिष्ठ मंत्रियों के आश्वासन के बाद आया है। सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अलग-अलग मौकों पर कहा था कि बाजार में हालिया उठापटक चुनावों के कारण है और नतीजों के बाद बाजार फिर से छलांग लगाने लगेगा।

अमित शाह ने कहा था कि बाजार बीते समय में तेजी से गिरा है और इसका कारण इस चुनाव को बताना उचित नहीं है। शाह ने कहा कि अगर बाजार थोड़ा बहुत अटकलों पर चलता है तो निवेशकों को हम यही सलाह देंगे कि शेयर खरीदें क्योंकि 4 जून के बाद इसमें तेजी आने जा रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्हें चुनाव के नतीजों के बारे में पूरा भरोसा है और नतीजे करीब आते ही बाजार में उठापटक कम हो जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बंबई स्टॉक एक्सचेंज के एक कार्यक्रम में मंगलवार को कहा था कि वित्तीय बाजार कराधान और नीतियों के मामले में स्थिरता पसंद करता है और चुनावी नतीजों के बारे में बाजार को चिंता करने की जरूरत नहीं है।





# अमेरिकी बाजार से दवाएं वापस मंगा रही हैं देश की दिग्गज फार्मा कंपनियां

## - दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग में खामियां पाये जाने का मामला

नई दिल्ली। भारतीय मसालों के बाद अब देश के फार्मा सेक्टर के लिए भी दिक्कतें बढ़ रही हैं। डॉक्टर रेड्डीज लैब्रोटीज, सन फार्मा और अरबिंदो फार्मा जैसी दिग्गज भारतीय फार्मास्यूटिकल्स कंपनियां अपनी अलग-अलग दवाओं को अमेरिकी बाजार से वापस ले रही हैं। इनकी मैन्युफैक्चरिंग में खामियां पाई गई हैं। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने इन रिकॉल को क्लास-1 और क्लास-2 के रूप में वर्गीकृत किया है। उसने भारत से आयात होने वाली जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंता जताई है। जेनेरिक दवाओं का मतलब किसी ब्रांडेड मेडिसिन के फॉर्मूले के आधार पर दूसरी दवा बनाना, जो काफी सस्ती होती है। भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे निर्माता और निर्यातक है। डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज जावीगेटर के करीब 20,000 डिब्बे वापस मंगा रही है। यह फेनिलकेटोनुरिया वाले मरीजों में हाइपरफेनिलएलनिनमिया के इलाज के लिए इस्तेमाल होती है। देश की सबसे बड़ी जेनेरिक दवा निर्माता सन फार्मा एम्फोटेरिसिन बी लिपोसोम की 11,000 से अधिक शीशियों को वापस ले रहा है। यह इंजेक्शन एंटीफंगल का इलाज करता है। लेकिन अमेरिकी ड्रग रेगुलेटर ने अपनी जांच में पाया कि सन फार्मा के इंजेक्शन की गुणवत्ता सही नहीं है। अरबिंदो फार्मा क्लोराजेपेट डिपोटेशियम टैबलेट की 13,000 से अधिक बॉटल वापस ले रहा है। यह एंटी-एंग्जायटी दवा है यानी इसे तनाव कम करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अरबिंदो फार्मा की इन गोलियों पर बिंदीदार पीले धब्बे थे, जिसके चलते उसे दवा मंगानी पड़ रही है। वहीं एफडीसी लिमिटेड गड़बड़ कंटेनर की वजह से ग्लूकोमा के इलाज में इस्तेमाल होने वाले आई-ड्रॉप टिमोलोल मैलेट ऑप्थेलमिक सॉल्यूशन की 3,80,000 से अधिक यूनिट को वापस ले रही है। ग्लूकोमा आंखों से जुड़ी समस्या है। इसके मरीज की आंखों में अधिक दबाव होने की वजह से आंख को दिमाग से जोड़ने वाली तंत्रिका क्षतिग्रस्त हो जाती है।

# चीन ने बोइंग डिफेंस सहित तीन अमेरिकी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध




नई दिल्ली। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों से आयात और निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंत्रालय ने जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स को अपनी अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में डाल दिया और कहा कि उसने ताइवान को हथियार बेचे। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के साथ-साथ बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी पर भी प्रतिबंध लगाए गए। ये कंपनियां चीन में नया निवेश नहीं कर पाएंगी। कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को अब चीन में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उनके वर्क परमिट को उनके आगंतुक और आवासीय स्थिति के साथ रद्द कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने घोषणा की कि उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए संबंधित आवेदनों को भी मंजूरी नहीं दी जाएगी। चीन ने यह कदम बाइडन प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी, कंप्यूटर चिप्स और चिकित्सा उत्पादों सहित कई चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने के बाद उठाया है।

# पेट्रोल-डीजल यूपी सहित कई राज्यों में हुआ महंगा



नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में सोमवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो गई है। बिहार में पेट्रोल 5 पैसे बढ़कर 107.17 रुपये प्रति लीटर और डीजल 5 पैसे बढ़कर 93.89 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। यूपी में पेट्रोल की कीमत 15 पैसे बढ़कर 94.52 और डीजल की कीमत 18 पैसे बढ़कर 87.59 रुपए प्रति लीटर हो गई है। इसके अलावा आंध्रप्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, हरियाणा, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, पुडुचेरी, तामिलनाडु और उत्तराखंड में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में मामूली इजाफा हुआ है। वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में पेट्रोल-डीजल के दाम घट गए हैं। वहीं दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.88 रुपये और डीजल 92.47 रुपये प्रति लीटर है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in